www.tamsasanket.com

वर्षः 06 || अंक 69 || लखनऊ

मंगलवार

09 जून 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 05:12
सूर्यास्तः 06:59
अधिकतमः 42°00
न्यूनतमः 29°00



» पेज 07

विशेष समाचार | समाजवादी पार्टी के मुखिया.... » पेज 04 | कारोबारी का हत्यारोपी भानु सिंह... » पेज 06 | आमिर खान की तीसरी शादी को...

### टीएमसी के 20 सांसद हुए बागी ■ लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर मांगी मान्यता ■ काकोली घोष दस्तीदार होंगी नेता

# 20 सांसदों ने छोड़ा 'ममता' का साथ

सत्ता का नशा उनके (टीएमसी) सिर पर इस कदर चढ़ गया था कि उन्हें लगने लगा था कि दुनिया में कोई भी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।
- सुखेंदु शेखर रे पूर्व टीएमसी राज्यसभा सांसद

**विकल्प**

■ तृणमूल कांग्रेस में विधायकों की बगावत के बाद अब सांसदों ने ममता बनर्जी का साथ छोड़ दिया है। टीएमसी के 20 सांसदों ने ओम बिरला से अलग गुट बनाने की सूचना देते हुए लोकसभा में अलग बैठने की जगह देने को कहा है। टीएमसी में यह बड़ी बगावत ऐसे वक्त पर हुई जब ममता बनर्जी इंडिया ब्लॉक की मीटिंग के लिए दिल्ली पहुंची थीं।



तमसा संकेत, एजेंसी

**कोलकाता।** विधायकों के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने भी ममता का साथ छोड़ दिया है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, लोकसभा के 28 सांसदों में से 20 ने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है।

सांसद और TMC की पूर्व नेता काकोली घोष दस्तीदार ने भी सोमवार को यही दावा किया। उन्होंने बताया कि 20 सांसदों ने NDA को समर्थन देने की जानकारी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दे दी है। जल्द ही स्पीकर को पत्र भी भेज दिया जाएगा।

» (शेष पेज 06 पर)



■ सांसदों की मीटिंग की यह तस्वीर सामने आई है।

### टीएमसी के लोग ममता से नाराजः सुखेंदु

टीएमसी के वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर ने आज सुबह ही राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया और पार्टी भी छोड़ दी। त्यागपत्र में उन्होंने ममता के 15 साल के अराजक शासन को पार्टी की हार का नतीजा बताया और भाजपा की तारीफ की थी। राज्यसभा के चेयरमैन सीपी राधाकृष्णन ने सुखेंदु शेखर का इस्तीफा मंजूर कर लिया है।

### सांसदों की एक बैठक देर रात भी हुई, फोटो खींचने पर बहस

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, टीएमसी के 20 सांसदों की रविवार देर रात दिल्ली के एक अज्ञात स्थान पर अनौपचारिक बैठक भी हुई। इसमें सांसदों ने मौजूदा नेतृत्व व्यवस्था को लेकर असंतोष जताया। सोमवार को इस बैठक की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई। कई TMC सांसद एक मेज के आसपास बैठे दिखाई दे रहे हैं। उस समय एक सांसद के फोटो खींचने पर विवाद भी हुआ। इसमें सुखेंदु शेखर रे भी बैठे दिखाई दे रहे हैं।

## मौसम की मार से सुरक्षित होंगे यूपी के किसानः योगी

### लखनऊ में खुला क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ एक विशेष समारोह में बटन दबाकर लखनऊ में 'क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र' का औपचारिक शुभारंभ किया। लखनऊ मौसम विज्ञान केंद्र को अपग्रेड करके इसे क्षेत्रीय केंद्र का रूप दिया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में ऐतिहासिक सुधार हुए हैं। लखनऊ में इस क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना से देश



■ आपदा से 3 घंटे पहले मोबाइल पर घंटी बजाकर चेताएगा सिस्टम

की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और कृषि क्षेत्र को सुरक्षित करने में बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य के पास देश की कुल कृषि योग्य भूमि का महज 11 फीसदी हिस्सा है,

» (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### यूपी के 20 लाख घरों में हाई स्पीड ब्रॉडबैंड की सुविधा देने जा रही योगी सरकार

लखनऊ। यूपी में प्रोजेक्ट गंगा के तहत करीब 8 हजार न्याय पंचायतों में डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर नियुक्त होंगे। सर्विस प्रोवाइडर चयन का काम वन ओटीटी कंपनी करेगी। इसके सहारे 20 लाख घरों तक हाईस्पीड ब्राडबैंड कनेक्टिविटी की सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को प्रोजेक्ट गंगा (गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एडवांस-मेंट) लांच करेंगे। अगले तीन सालों में यह सुविधा दी जाएगी। उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन ने 9 मार्च 2026 को हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस (एचजीएस) की ब्राडबैंड यूनिट वन ओटीटी इंटरटेनमेंट लि. के तहत एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे।

### मुंबई में बस ने 3 गाड़ियों को टक्कर मारी

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे दादर के प्लाजा सिनेमा के पास एक BEST (नगर निकाय) बस ने 3 गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में 22 साल के एक लड़के की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों में बस का कंडक्टर भी शामिल है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मोड़ पर ट्रैफिक धीमा था। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस गाड़ियों को रौंदते हुए निकल गई। बस की टक्कर के बाद तेज आवाज आई और सड़क पर गाड़ियों का मलबा बिखर गया। शिवाजी पार्क पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने वहां पहुंचकर गाड़ी में फंसे घायलों को रेस्क्यू कर निकाला। पुलिस ने आरोपी बस ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

### कॉकरोच जनता पार्टी देश भर में प्रदर्शन करेगी : अभिजीत

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। उन्होंने रविवार रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा- अगर 13 जून तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो मैं खुद अलग-अलग राज्यों और शहरों में प्रदर्शन के लिए जाऊंगा।
उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया तो देशभर के छात्र फिर से दिल्ली जाएंगे और शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे।
CJP ने 6 जून को जंतर-मंतर पर भी प्रदर्शन किया था और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की थी।

### मॉडल को मुंबई ले जाकर किया शारीरिक शोषण

**मेरठ।** सरधना थाना क्षेत्र की एक मॉडल ने कस्बे के ही युवक पर शादी का झांसा देकर करीब 10 साल तक शारीरिक शोषण करने और फिर धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र सौंपा और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## यूपी में बढ़ेगा आयुष शिक्षा का दायरा

### जल्द खुलेंगे 5 नए अस्पताल और कॉलेज

तमसा संकेत, एजेंसी

आर्युवेद पर भरोसा करने वाले उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए गुड न्यूज है। राज्य सरकार ने प्रदेश में पांच नए एकीकृत आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालयों खोलने का फैसला किया है। गोंडा, मीरजापुर, मेरठ, आगरा और बस्ती मंडल में इसे खोला जाएगा। जहां विद्यार्थियों को आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान की शिक्षा दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि इससे न केवल प्रदेश में आयुष शिक्षा का



दायरा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। नए महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे और आयुष चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार होगा। » (शेष पेज 06 पर)

### हमास ने इजराइल पर ईरान और हूती लड़ाकों के हमले का समर्थन किया ■ जंग से नेतन्याहू को फायदा

# होर्मुज में जलते जहाज से 24 भारतीयों का रेस्क्यू

### ईरान बोला- अब इजराइल पर हमले नहीं ■ भारत ने नागरिकों को ईरान छोड़ने को कहा

तनाव बढ़ने के बाद ईरान ने पश्चिमी हिस्से का एयरस्पेस अगली सूचना तक बंद कर दिया। इराक ने 72 घंटे और सीरिया ने 12 घंटे के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है।

**चेतावनी**

■ **अप्रैल में हुए सीजफायर के बाद पहली बार ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया। जवाब में इजराइल ने सोमवार तड़के पश्चिमी और मध्य ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले किए। तेहरान, तबरीज और इस्फहान में धमाकों की खबरें हैं।**

तमसा संकेत, एजेंसी

**तेल अवीव/तेहरान /वॉशिंगटन डीसी।** होर्मुज स्ट्रेट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को इंडियन नेवी ने बचा लिया है। शुरुआती रिपोर्टों में जहाज पर हमले की आशंका जताई गई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इस बीच ईरान ने घोषणा की है कि उसने फिलहाल इजराइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोक दी है। हालांकि उसने चेतावनी दी कि अगर इजराइल ने फिर से लेबनान या अन्य जगहों पर हमला किया तो उसे पहले से ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा।

» (शेष पेज 06 पर)



### हमले की तैयारी कर रहे 24 लोगों को पकड़ा

ईरान ने कहा है कि उसके सुरक्षा बलों ने देश के दक्षिण-पूर्वी इलाके सीस्तान-बलूचिस्तान में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 5 लोगों को मार दिया गया और 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि ये लोग हमले की तैयारी कर रहे थे। उनका कहना है कि सुरक्षा बलों ने समय रहते कार्रवाई कर किसी बड़े हमले को रोक दिया।

ईरान की सेना ने कहा है कि इजराइल पर किए गए उसके हमले हाल की घटनाओं का जवाब थे और इजराइल को इससे सबक लेना चाहिए। सरकारी मीडिया में जारी बयान में ईरानी सेना ने कहा कि उसकी सैन्य कार्रवाई फिलहाल खत्म की जा रही है।

हालांकि ईरान ने साथ ही चेतावनी भी दी है। उसने कहा कि अगर इजराइल अपनी कार्रवाई जारी रखता है या दक्षिणी लेबनान में फिर हमले करता है, तो उसे पहले से कहीं ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा।

## इंडिया ब्लॉक की बैठक में गूंजा 'कॉकरोच जनता पार्टी' का नाम

**समर्थन**

तमसा संकेत, एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों का गठबंधन INDIA ब्लॉक की सोमवार को एक बड़ी बैठक हुई. इस बैठक में NEET परीक्षा विवाद और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग जैसे बड़े मुद्दे उठे. लेकिन इसी बैठक में एक और नाम चर्चा में आया कॉकरोच जनता पार्टी.

दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में विपक्षी दलों की एक बड़ी बैठक हुई. सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे जैसे बड़े नेता इस बैठक में मौजूद थे. निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल भी आए. » ( पेज 06 पर)

### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर एकजुट विपक्ष




यहीं से मामला दिलचस्प होता है. बैठक में सिर्फ चुनावी रणनीति नहीं बनी, बल्कि कॉकरोच जनता पार्टी का भी जिक्र हुआ. कई नेताओं ने माना कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जो भी आंदोलन चल रहे हैं, उन्हें समर्थन मिलना चाहिए.

### नेताओं ने और क्या महसूस किया?

बैठक में मौजूद नेताओं ने यह भी माना कि इस वक्त एक ऐसी जगह बन रही है जहां युवा अपनी बात खुलकर कह सकते हैं. नेताओं का कहना था कि कॉकरोच जनता पार्टी उसी जगह को भरने की कोशिश कर रही है. यानी जहां राजनीतिक पार्टियां युवाओं तक नहीं पहुंच पा रहीं, वहां कॉकरोच जनता पार्टी जैसे आंदोलन पहुंच रहे हैं. नहीं बैठक में कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर कोई औपचारिक फैसला नहीं हुआ. न कोई प्रस्ताव पास हुआ, न कोई आधिकारिक बयान आया. लेकिन इतने बड़े नेताओं की बैठक में कॉकरोच जनता पार्टी का नाम आना अपने आप में एक बड़ी बात है.

### तेजस मार्क-1ए एयरक्राफ्ट की डिलीवरी में देरी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना में फाइटर स्क्वॉड्रनों की कमी को पूरा करने के लिए एचएएल के साथ कुल 180 एलसीए तेजस मार्क-1ए विमानों का करार किया गया था, लेकिन अब तक एक भी विमान की डिलीवरी नहीं हो पाई है। एचएएल लगातार कई बार तय समय-सीमा चूक चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, इसी महीने जून में रडार के प्रदर्शन और कुछ अन्य तकनीकी मुद्दों को दुरुस्त करने के बाद एचएएल भारतीय वायुसेना के समक्ष रिव्यू मीटिंग के लिए आ सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी समय-समय पर एचएएल की परियोजनाओं की समीक्षा करते रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को भी एचएएल के प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की गई। रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई इस समीक्षा बैठक में रक्षा सचिव, सीडीएस, भारतीय वायुसेना प्रमुख, सीएमडी एचएएल और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# स्टील प्लांट में हादसा

### 1600 सी° पर पिघला गर्म लोहा क्रेन से ले जा रहे थे

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में करीब 1600C तापमान वाला पिघला हुआ लोहा (मोल्टन आयरन) मजदूरों पर गिर गया। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक, प्लांट में क्रेन की मदद से एक बड़े बकेट में पिघला हुआ लोहा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बकेट का संतुलन



■ बैलेंस बिगड़ने से उन पर ही गिरा

बिगड़ गया और उसमें भरा गर्म लोहा नीचे काम कर रहे कर्मचारियों पर गिर गया। हादसा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (RINL) के स्टील प्लांट में हुआ।

» (शेष पेज 06 पर)

अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि कही दुर्घटना की वजह तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों में किसी तरह की चूक तो नहीं हुई।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया। वहीं गृह मंत्री वंगालापुडी अनिता ने विशाखापट्टनम के कलेक्टर और सिटी पुलिस कमिश्नर से फोन पर बात कर हादसे की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज दिलाने और रेस्क्यू ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए।

### बंकर तोड़ाः जवानों का दावा- महिलाओं ने उन पर पेट्रोल डाला; झड़प में 22 तंगखुल महिलाएं घायल

# उखरुल में असम राइफल्स का विरोध

तमसा संकेत, एजेंसी

**उखरुल।** मणिपुर के उखरुल जिले के शोक्वाओ और न्यू हेवन इलाके में रविवार सुबह सैकड़ों महिलाएं असम राइफल्स के जवानों और वाहनों के आगे दीवार बनकर खड़ी हो गईं।

मशालें, लाठियां लिए ये तंग्खुल नगा महिलाएं जवानों को आगे नहीं बढ़ने दे रही थीं। सैन्य अधिकारियों ने चेतावनी दी। इसके बावजूद वे डटी रहीं और 'हमारी जमीन, हमारा अधिकार' नारे लगाती रहीं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, जवानों ने पुलिस और मजिस्ट्रेट की गैरमौजूदगी में कई राउंड हवाई फायर किए और लाठीचार्ज किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं से धक्का-मुक्की भी की गई।

हालांकि सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में जवानों ने यह दावा किया है कि विरोध कर रही महिलाओं ने उन पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की।

रिपोर्ट्स में एक प्रदर्शनकारी के पैर पर गोली लगने का दावा किया गया। वहीं, 22 महिलाएं घायल हो गईं। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### सरकार ने इतने हथियार किसलिए दिए

सीआरपीएफ डीजी जीपी सिंह ने मणिपुर में तैनात जवानों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि नागरिक इलाकों में सक्रिय सशस्त्र मिलिटेंट्स के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करें। गौरतलब है कि दो कोबरा बटालियन यहां जल्द आने वाली हैं।

### वजह- जिसके कारण आंदोलन हिंसक हुआ

सूत्रों के मुताबिक, शोक्वाओ गांव की महिलाओं ने न्यू हेवन की ओर बढ़ रहे काफिले को शनिवार देर रात ही रोक लिया था। इससे रातभर तनाव रहा। सुबह होते ही एक समूह ने शोक्वाओ पर ब्लॉकेड बनाया, तो दूसरे ने न्यू हेवन में सुरक्षा बल का बंकर ध्वस्त कर दिया।

आरोप है कि असम राइफल्स ने शोक्वाओ की विलेज अथॉरिटी की सहमति के बिना न्यू हेवन में अस्थायी बंकर बनाया।

» (शेष पेज 06 पर)

### कौन हैं तंगखुल, जिसकी महिलाएं अब सेना के विरोध में उतरीं

तंगखुल उत्तर-पूर्व भारत के प्रमुख नगा समुदायों में से एक हैं। वे मुख्य रूप से मणिपुर के उखरुल और कामजोंग जिलों में रहते हैं। उनकी आबादी का एक हिस्सा म्यांमार के सोमरा क्षेत्र में भी बसता है। यह समुदाय अपनी विशिष्ट भाषा, बुनाई, कृषि परंपराओं और सामुदायिक जीवन के लिए जाना जाता है।

प्रदर्शन में शामिल अधिकांश महिलाएं थीं, जो न्यू हेवन क्षेत्र में असम राइफल्स की एक चौकी/आउटपोस्ट बनाए जाने का विरोध कर रही थीं।

# जहांगीर खान नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

### अवैध वसूली का आरोप, देश छोड़ने की कोशिश में थे

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने सोमवार को TMC नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नेपाल बॉर्डर के पास से हुई। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता पुलिस स्टेशन में खान के खिलाफ 7 FIR की गई थीं।

वह नेपाल भागने की फिराक में था। अभी बंगाल पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस जहांगीर को कोलकाता ला रही है।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक



■ फालता सीट से चुनाव लड़ा था

जहांगीर को अवैध वसूली करने के आरोप में पकड़ा गया है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पहले यह दावा किया गया था कि जहांगीर के समर्थकों ने महिलाओं को गैंगरेप की धमकी दी थी। इसके कारण उनकी गिरफ्तारी हुई है। जहांगीर ने 2026 का विधानसभा चुनाव फालता सीट से लड़ा था। » (शेष पेज 06 पर)

## लखनऊ में सहारा की जमीन पर सरकार का विधानसभा प्लान, लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में

# यूपी सरकार, एलडीए और नगर निगम को नोटिस

**कार्यवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। प्रदेश सरकार की लखनऊ में सहारा शहर की जमीन पर नए विधानभवन कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना है। इसके तहत इस जमीन पर नया विधानसभा भवन, सचिवालय, मुख्यमंत्री आवास और अन्य सकारी कार्यालय बनाए जाएंगे। इसके लिए 245 एकड़ जमीन चिह्नित हुई है। इसमें नगर निगम द्वारा सहारा शहर के लिए दी गई 170 एकड़ और लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) की 75 एकड़ जमीन शामिल है। इस योजना पर काम भी शुरू हो गया है। LDA ने कंसल्टेंट




और आर्किटेक्ट चयन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन सबके बीच मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। सहारा इंडिया कॉमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) और लखनऊ नगर निगम को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत ने सभी पक्षों को 31 जुलाई 2026 तक जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार, एलडीए और नगर निगम के जवाब के बाद ही आगे की स्थिति साफ होगी। इस रिपोर्ट में पढ़िए सहारा शहर के लिए जमीन की लीज से लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट तक जाने तक का घटनाक्रम सहारा शहर की करीब 170 एकड़ जमीन नगर निगम ने वर्ष 1994 में सहारा समूह को लीज पर दी थी। शर्त थी।




### सहारा समूह ने कार्रवाई गलत बताते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी

सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने नगर निगम की कार्रवाई को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में चुनौती दी थी। कंपनी का कहना था कि 2 सितंबर 2017 को एक आर्बिट्रेशन मामले में इसी जमीन को लेकर उसके पक्ष में फैसला आया था।

वह लीज का नवीनीकरण कराने के लिए निर्धारित राशि जमा करने को भी तैयार थी, लेकिन नगर निगम ने उस आदेश की अनदेखी करते हुए लीज समाप्त कर दी। हालांकि, 22 अप्रैल 2026 को हाईकोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य नहीं मानते हुए खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि चूंकि सहारा-सेबी विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो रही है, इसलिए इस विवाद पर फैसला करने का अधिकार भी सर्वोच्च न्यायालय के पास है।

**हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की। 29 मई 2026 को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने सहारा इंडिया कॉमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई की।**

# सपा विधायक ने एलयू वीसी को लगाया फोन

### फीस बढ़ोत्तरी का विरोध कर रहे हैं विश्वविद्यालय का छात्र

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों के निष्कासन और फीस बढ़ोत्तरी के विरोध में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन कर रहे छात्रों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा धरना स्थल पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने वहीं से एलयू के कुलपति को फोन मिलाया। रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि छात्रों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, आंदोलन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस के फरेंदा विधायक विरेंद्र चौधरी के भी धरना स्थल पर पहुंचने की संभावना है। धरने पर बैठे छात्रों की विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी जारी है। छात्रों का कहना है कि छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को उठाने पर कार्रवाई की जा रही है। जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन खुद अड़ियल रुख अपनाकर कई गुना फीस बढ़ा दे रहा है। धरने पर बैठे छात्रों का कहना है कि जब तक निष्कासन वापस नहीं लिया जाता और फीस वृद्धि समेत अन्य मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई नई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने एलयू के वीसी को फोन मिलाया।

**फास्ट न्यूज**

### मोबाइल चोरी कर यूपीआई से उड़ाते थे रकम

लखनऊ। लखनऊ के सैरपुर पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने मोबाइल चोरी कर बैंक खातों से रुपए निकालने वाले एक शातिर साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 मोबाइल फोन, 7 सिम कार्ड, 2 एटीएम कार्ड, 22,260 रुपये नकद, चार्जर, मल्टी चार्जिंग केबल और घटना में यूज हुई हुंडई वर्ना कार बरामद की है।

### मामा ने सगी भांजी से रेप किया

लखनऊ। लखनऊ में मामा ने 13 साल की सगी भांजी के साथ रेप किया। विरोध करने पर पत्नी को पीट-पीटकर बेहोश कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी का मेडिकल जांच कराया। महिला को उपचार के लिए अस्पातल में भर्ती कराया। घटना बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हुई। पुलिस ने आरोपी मामा को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि नशे की हालत में उसने वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता कक्षा 7 की छात्रा है। गर्मी की छुट्टी मनाने 3 दिन पहले मामा के घर आई थी।

### दुकानों पर चढ़कर पलटा बेकाबू डंपर

लखनऊ। लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में शनिवार शाम तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर सड़क किनारे सब्जी की दुकानों पर चढ़ते हुए पलट गया। हादसे में दुकान के अंदर सो रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक की हालत नाजुक है। हादसे के बाद डंपर का ड्राइवर उतरकर भाग गया। लखनऊ के गोयला गांव निवासी हसमत ने पुलिस शिकायत दी है।

# रूम पार्टनर ने डंडे से पीटकर तोड़े हाथ और पैर

### लखनऊ में गला दबाकर हत्या की कोशिश का आरोप, 10 दिन से अस्पताल में युवक भर्ती

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में किराए के कमरे में रहने वाले युवक पर उसके रूम पार्टनर द्वारा जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित के भाई ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने पहले गला दबाकर हत्या का प्रयास किया और फिर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर हाथ व पैर तोड़ दिए। घायल युवक पिछले 10 दिनों से लोहिया अस्पताल में भर्ती है। मटियारी स्थित बीसीसी अपार्टमेंट निवासी अधिवक्ता अमरदीप मिश्रा ने चिनहट थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई अभिषेक कुमार मिश्रा कमता में किराए के कमरे में रहता था। उसके साथ राहुल पाठक नामक युवक भी रहता था। आरोप है कि राहुल आए दिन अभिषेक के साथ गाली-गलौज



और मारपीट करता था। वह घरेलू काम भी जबरन करवाता था, जबकि कमरे का किराया भी अभिषेक ही देता था। परिजनों के अनुसार, 29 मई की रात राहुल पाठक ने किसी बात को लेकर अभिषेक की पिटाई शुरू कर दी। विरोध करने पर उसका गला दबाने लगा। जब अभिषेक ने बड़े भाई से शिकायत करने की बात कही तो आरोपी और उग्र हो गया। आरोप है कि उसने डंडे से कई वार किए, जिससे अभिषेक का पैर दो जगह से टूट गया और हाथ में भी गंभीर चोट आई। परिजनों का कहना है कि मारपीट के बाद अभिषेक बेहोश होकर गिर पड़ा।

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी और सुरक्षित पेयजल व्यवस्था को मिलेगी नई गति : ओम प्रकाश राजभर

### पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा, समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**ग्रामीण विकास और स्वच्छता अभियानों में तेजी लाने पर जोर, ओम प्रकाश राजभर ने अधिकारियों को किया निर्देशित।**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को विधानसभा के मुख्य भवन के कक्ष कार्यालय में पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास से जुड़ी सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा डिजिटल सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में मंत्री ने ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी (बाल एवं किशोर पुस्तकालय) की स्थापना की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ग्रामीण बच्चों और युवाओं को आधुनिक शिक्षा संसाधनों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। डिजिटल लाइब्रेरी न केवल विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएगी, बल्कि

**ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि पंचायतीराज संस्थाएं ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाकर ही आत्मनिर्भर और विकसित गांवों का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएं।**

**इस अवसर पर प्रमुख सचिव पंचायतीराज श्री अनिल कुमार, निदेशक पंचायतीराज श्री अमित कुमार सिंह, निदेशक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती गुंजन द्विवेदी एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।**

उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा और डिजिटल ज्ञान से भी जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, वहां शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही पूर्ण की जाए। बैठक में स्वच्छ भारत



मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का अभियान है। उन्होंने सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों की भागीदारी बढ़ाई जाए।

# जिम की रकम में हेराफेरी का आरोप

### मेंबरशिप और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में गड़बड़ी, महिला मैनेजर समेत 2 पर केस

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित एक जिम में मैनेजर पद पर तैनात महिला के ऊपर पैसे के लेनदेन के गबन का आरोप लगा है। जिम मालिक की शिकायत पर पुलिस ने सेंटर मैनेजर और एक सेल्स एग्जीक्यूटिव के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और जालसाजी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कल्याणपुर निवासी साजिद अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका फ्यूजन फिट जिम विराट खंड स्थित जीवन शॉपिंग सेंटर में पिछले करीब 10 वर्षों से संचालित हो रहा है। जिम में आयुषी श्रीवास्तव पिछले लगभग 8 सालों से सेंटर मैनेजर के पद पर कार्यरत थीं। उनके पास मेंबरशिप, कैश कलेक्शन, यूपीआई भुगतान, कार्ड




ट्रांजेक्शन और अन्य वित्तीय लेन-देन की जिम्मेदारी थी। वहीं आकाश शर्मा पिछले चार वर्षों से सेल्स टीम में कार्यरत थे। जिम मालिक के अनुसार हाल ही में कराए गए इंटरल ऑडिट में पता चला कि आयुषी श्रीवास्तव ने फर्जी POS रसीदें तैयार कर ग्राहकों से मिले पैसे को कंपनी के खाते में जमा करने के बजाय अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। जांच के दौरान कई ऐसे भुगतान सामने आए जो ग्राहकों ने किए पर जिम के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं मिले।

# पति ने पत्नी की धारदार हथियार से हत्या की

### माल थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव में सनसनी, बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

तमसा संकेत, एजेंसी

मलिहाबाद (लखनऊ)। राजधानी लखनऊ के माल थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव में सोमवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। मृतका की पहचान 47 वर्षीय मोनिका के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति का नाम जितेंद्र प्रताप सिंह बताया गया है। घर के भीतर महिला का खून से लथपथ शव मिलने से परिजनों और ग्रामीणों में शोक का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद माल थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। घर के भीतर और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि हत्या से जुड़े सभी तथ्यों का पता लगाया जा सके।



#### सिर पर किए गए कई वार, मौके पर हुई मौत

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने धारदार हथियार से पत्नी के सिर पर कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी के संबंध में पुलिस जानकारी जुटा रही है। वहीं घर के अंदर हुई इस वारदात ने क्षेत्र के लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

#### बेटे की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

डीसीपी नॉर्थ ट्विंकल जैन ने बताया कि सोमवार दोपहर माल थाने पर सूचना प्राप्त हुई थी कि जितेंद्र नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। उन्होंने बताया कि मृतका के बेटे की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

#### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मृतका अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गई हैं। बेटी की शादी हो चुकी है। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से गहन जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि मृतका के बेटे की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

#### हत्या के कारणों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पारिवारिक विवाद समेत अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ कर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी के अनुसार आरोपी जितेंद्र प्रताप सिंह के पिता चंद्रभान सिंह माल थाने में दीवान के पद पर तैनात रहे हैं और अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और लोग इस वारदात को लेकर स्तब्ध हैं। मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## विवाद : आय दोगुनी करने का वादा हुआ फेल, खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है

# खाद-डीजल की बढ़ती कीमतों से किसान संकट में, भाजपा सरकार पर अखिलेश यादव का हमला

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। डीजल, खाद और बीज की बढ़ती कीमतों ने खेती को महंगा बना दिया है और किसान भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई की मार सबसे ज्यादा किसानों पर पड़ रही है। डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि के बाद अब उर्वरकों के दाम बढ़ने से खेती करना और मुश्किल हो गया है। किसानों को खेती के लिए आवश्यक संसाधनों पर पहले से कहीं अधिक खर्च करना पड़ रहा है, जबकि उन्हें अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसान खाद, बीज और डीजल जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी संघर्ष कर रहा है। बढ़ती लागत के कारण खेती अब लाभ का नहीं बल्कि घाटे का सौदा बनती जा रही है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि किसानों को उनकी उपज का लागत मूल्य तक नहीं मिल पा रहा है।

> **अखिलेश यादव ने कहा कि फसलों की बेहतर पैदावार के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम युक्त एनपीके उर्वरक का व्यापक उपयोग किया जाता है। किसानों की खेती में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लेकिन उर्वरकों के दाम बढ़ने से किसानों का मौसमी बजट बिगड़ रहा है और उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले से बिजली और अन्य कृषि लागतों की मार झेल रहे किसानों के लिए खाद की बढ़ी कीमतें नई परेशानी बनकर सामने आई हैं।**



### किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से काम करने की मांग

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों और आम जनता को राहत देने के लिए महंगाई पर नियंत्रण जरूरी है। सरकार को कृषि लागत कम करने, उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा नीतियों के कारण किसान आर्थिक दबाव में हैं और यदि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कृषि क्षेत्र पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। सपा अध्यक्ष ने किसानों के हितों को प्राथमिकता देने और उनकी आय बढ़ाने के लिए प्रभावी नीतियां लागू करने की मांग की।

### 'आय दोगुनी' का वादा पूरा नहीं हुआ

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार पर किसानों से किए गए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का दावा किया गया था, लेकिन वर्षों के शासन के बाद भी किसानों की आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

उल्टा खेती की लागत बढ़ने और फसलों के उचित दाम न मिलने से किसानों की आय पर नकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण कृषि क्षेत्र लगातार चुनौतियों का सामना कर रहा है और किसानों का खेती से मोहभंग होने लगा है।

# पानी के अंदर किया योगाभ्यास

### महिलाओं और दिव्यांग बच्चों ने किया जलयोग, गुरु बोलीं- पानी में शरीर संतुलित रहता है

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में योग दिवस के पहले जगह-जगह योगाभ्यास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को गोमतीनगर में जल के अंदर महिलाओं, दिव्यांग बच्चों और बुजुर्गों ने योगाभ्यास किया। यह अभ्यास कार्यक्रम जगदंबा योग वेलफेयर सोसाइटी की ओर से कराया गया। सोसाइटी की ओर से योग गुरु रोमा हेमवानी को योग कराने के लिए बुलाया गया था। रोमा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक योग और आरोग्यता का संदेश पहुंचाना है, जो अक्सर मुख्यधारा की गतिविधियों से दूर रह जाते हैं। जल के अंदर शरीर सबसे ज्यादा संतुलित रहता है। योग गुरु रोमा हिमवान के साथ दिव्यांग, सीनियर सिटीजन, महिलाओं और बच्चों ने जल के अंदर योग किया। जल के भीतर विभिन्न योगासनों का आकर्षक और प्रेरणादायक प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने जल की तरलता के बीच संतुलन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए कई जटिल योग मुद्राओं को सहजता से किया। उनके प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जलयोग प्रशिक्षिका रोमा हेमवानी ने जलयोग के बारे में बताया कि जल की सौम्यता, तरलता और उपचारात्मक गुण शरीर और मन को संतुलित करने में सहायक होते हैं। जलयोग विशेष रूप से दिव्यांगों, महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी है, क्योंकि पानी में कठिन योगासन भी अपेक्षाकृत सरलता से किए जा सकते हैं। पानी में योग करने से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूती मिलती है। जलयोग करने पहुंचे हनुमंत धाम के मुख्य पुजारी गुरु रामसेवक दास ने कहा कि योग मानव शरीर के लिए बेहद जरूरी है। योग कई तरीके का होता है- जलयोग, वायुयोग और अग्नियोग। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग करके हमें यह संदेश दिया कि शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना बेहद जरूरी है।



पानी के अंदर महिलाओं ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर योग किया।



योग गुरु रोमा ने जलयोग अभ्यास किया। इसके बाद उन्हें सबने फॉलो किया।

## डीएम कोर्ट ने अपील खारिज की ■ प्रशासन ने नोटिस चस्पा किया

# सपा कार्यालय खाली करने का आदेश

**विवाद**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



**सीतापुर।** सीतापुर में नगर के ऐतिहासिक टाउन हॉल परिसर स्थित नजूल भूमि पर बने समाजवादी पार्टी कार्यालय को खाली कराने की कार्रवाई तेज हो गई है। जिलाधिकारी न्यायालय ने मामले में सपा जिलाध्यक्ष की अपील खारिज करते हुए कार्यालय को 15 दिनों के भीतर खाली करने का आदेश दिया है। आदेश के अनुपालन में तहसील प्रशासन ने सपा कार्यालय पर नोटिस चस्पा कर दिया है।

जानकारी के अनुसार टाउन हॉल परिसर की नजूल भूमि पर संचालित सपा कार्यालय को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। प्रशासन का कहना है कि यह भूमि सरकारी नजूल संपत्ति है और उस पर किया गया कब्जा वैध नहीं है।

मामले में पहले भी नोटिस जारी किए गए थे। अप्रैल माह में नोटिस मिलने के बाद सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव ने जिलाधिकारी न्यायालय में अपील दाखिल कर राहत की मांग की थी, लेकिन सुनवाई के बाद डीएम कोर्ट ने अपील को निरस्त कर दिया।

### पट्टे पर आवंटित की थी जमीन

जानकारी के अनुसार तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल ने 15 जनवरी 2005 को टाउन हॉल परिसर स्थित नजूल भूमि को समाजवादी पार्टी के कार्यालय संचालन के लिए मात्र 100 रुपये वार्षिक किराए पर आवंटित किया था। हालांकि, आवंटन प्रक्रिया में आवश्यक नियमों और प्रावधानों का पालन न किए जाने की बात सामने आने पर नगर पालिका ने 14 अप्रैल 2005 को ही उक्त आवंटन को निरस्त कर दिया था।



### अवैध रूप से संचालित था कार्यालय

इसके बावजूद समाजवादी पार्टी का कार्यालय लगभग 20 वर्षों से उसी स्थान पर संचालित होता रहा। नगर पालिका प्रशासन इस कब्जे को अवैध मानते हुए लगातार कार्रवाई की प्रक्रिया में जुटा था। अब जिलाधिकारी न्यायालय के अंतिम आदेश के बाद प्रशासन ने कब्जा हटाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

तहसील प्रशासन द्वारा कार्यालय पर चस्पा किए गए नोटिस में 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में भूमि खाली नहीं किए जाने की स्थिति में प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है। इस कार्रवाई को लेकर जिले की राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है।

# गर्भवती की मौत, 11 घंटे बाद हुई पहचान

## महिला पिहानी के सरौरा गांव की निवासी थी

**मांग**

**तमसा संकेत, एजेंसी**



**हरदोई ।** हरदोई मेडिकल कॉलेज में रविवार देर रात इलाज के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। उसकी पहचान सोमवार की सुबह करीब 10 बजे, यानी घटना के लगभग 11 घंटे बाद हो पाई। महिला को रविवार दोपहर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ।

जानकारी के अनुसार, महिला रविवार दोपहर दवा लेने के लिए मेडिकल कॉलेज आई थी। इसी दौरान वह गिर गई और उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कर लिया गया था, लेकिन इलाज के दौरान देर रात 11:07 बजे उसने दम तोड़ दिया। पहचान न होने के कारण शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया था।

■ **दवा लेने अकेली मेडिकल कॉलेज आई थी पीड़िता**

मृतक महिला की पहचान पिहानी कोतवाली क्षेत्र के सरौरा गांव निवासी 45 वर्षीय प्रीति के रूप में हुई है। उनके पति पच्चू खेती करते हैं। पच्चू ने बताया कि उनके तीन पुत्र और दो विवाहित पुत्रियां हैं। प्रीति गर्भवती थीं और पिछले कुछ दिनों से उनके पैरों में सूजन थी, जिसकी दवा लेने वह अकेली मेडिकल कॉलेज आई थीं।

**फास्ट न्यूज**

### ऑफिस से चोरी

**उन्नाव।** उन्नाव के गंगाघाट क्षेत्र में चोरी की घटनाएं एक बार फिर बढ़ रही हैं। सोमवार को चोरों ने एक बिल्डर के कार्यालय को निशाना बनाया और लगभग दो लाख रुपये का सामान चुरा लिया। यह घटना पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठा रही है, खासकर तब जब हाल ही में गगनीखेड़ा में हुई चोरी का खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार, फत्तेखेड़ा विसर्जन स्थल झील के पास स्थित आश्रुति बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के कार्यालय में चोरी हुई। सोमवार सुबह जब कार्यालय संचालक वहां पहुंचे, तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला।

### रॉड-डंडों के हमले में तीन घायल

**हरदोई।** हरदोई के संडीला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आलमपुर खखरा में प्रधान पक्ष और एक परिवार के बीच हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित राजेंद्र ने मौजूदा प्रधान पक्ष के लोगों पर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। घायलों में राजेंद्र का बेटा, बेटी और पत्नी शामिल हैं, जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। राजेंद्र के अनुसार, गांव निवासी अनोश, आनंद, रामनरायण और उनके साथियों ने मामूली बात पर उनके परिवार पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने सबसे पहले उनके बेटे को घेरकर पीटा। बेटे की आवाज सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, तो उन्हें भी निशाना बनाया गया।

### घर के बाहर खेलते-खेलते शारदा नहर में गिरा मासूम

**हरदोई।** हरदोई के लोनार कोतवाली क्षेत्र के धिनौली गांव में रविवार शाम शारदा नहर में डूबने से एक 3 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मासूम घर के बाहर खेलते हुए नहर के किनारे पहुंच गया था, जहां पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया। परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान धिनौली गांव निवासी श्याम बहादुर के 3 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ के रूप में हुई है।

# युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

## एनएच 30 पर ससुराल जाते समय हादसा, पुलिस जांच में जुटी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सीतापुर। सीतापुर के महोली कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम नेरी निवासी 28 वर्षीय प्रेम रविवार देर रात अपने घर से ससुराल जाने के लिए बाइक से निकला था।

बताया जा रहा है कि वह नेशनल हाईवे-30 पर स्थित सिंह ढाबा के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे



एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रेम सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को संभाला और घटना की सूचना पुलिस तथा एम्बुलेंस को दी। घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों के प्रयास सफल नहीं हो सके और उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# रिश्ता ठुकराने पर पिता-पुत्र पर हमला

**कार्रवाई**

## लाठी-डंडों से मारपीट ■ गंभीर चोटें ■ पुलिस जांच में जुटी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**हरदोई ।** हरदोई जिले के साण्डी थाना क्षेत्र स्थित बंजारन पुरवा गांव में शादी का रिश्ता ठुकराने के बाद पिता और पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना में दोनों घायल हो गए हैं, जिनमें पिता के सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गांव निवासी मोबिन पुत्र ताज खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार शाम करीब 6:30 बजे वह गांव में मोहर सिंह की दुकान पर गुटखा लेने गया था।

आरोप है कि उसी दौरान गांव के इकलाख, इसरार, लतीफ और रुखसाना वहां पहुंचे और उसे गालियां देने लगे। मोबिन के विरोध करने पर



आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मोबिन के अनुसार, विवाद के समय उनके पिता ताज खान भी बिलग्राम से घर लौट रहे थे।

शोर-शराबा सुनकर वे मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की। आरोप है कि इसके बाद सभी ने मिलकर ताज खान पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई और वे घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। बीच-बचाव करने के दौरान मोबिन को भी चोटें आईं।

■ **पीड़ित परिवार का आरोप है कि कुछ समय पहले आरोपी पक्ष उनके यहां शादी का रिश्ता लेकर आया था, जिसे परिवार ने स्वीकार नहीं किया था। इसी बात को लेकर आरोपी पक्ष रंजिश मानने लगा और मौका पाकर हमला कर दिया।**

घटना के बाद परिजनों ने घायलों को उपचार दिलाया और फिर साण्डी थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी बसंत राम ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# ई-रिक्शा चालक का शव मिला

**मांग**

## पत्नी ने हत्या की आशंका जताई ■ पुलिस जांच में जुटी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

उन्नाव। उन्नाव के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर, शुक्लागंज में एक ई-रिक्शा चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान श्रीनगर निवासी 40 वर्षीय संदीप मिश्रा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी ने पति की हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, संदीप मिश्रा ई-रिक्शा चालक थे और रविवार को काम पर निकले थे। देर शाम उनका शव श्रीनगर स्थित लोहिया स्कूल के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को




घटना की जानकारी दी।

मृतक अपने पीछे पत्नी अंजली मिश्रा, एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं। पत्नी अंजली मिश्रा ने बताया कि उनके पति रोज की तरह काम पर गए थे। बाद में उन्हें सूचना मिली कि उनका शव लोहिया स्कूल के आगे पड़ा है। अंजली मिश्रा के अनुसार, जब उन्होंने शव देखा तो शरीर और चेहरे पर चोट के निशान थे। उनके सिर से खून निकल रहा था और चेहरे पर सूजन भी थी।

इन परिस्थितियों को देखते हुए अंजली मिश्रा ने आशंका जताई है कि उनके पति के साथ मारपीट की गई और उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने किसी व्यक्ति विशेष पर संदेह व्यक्त नहीं किया है, लेकिन पुलिस से मामले की गहन जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है। उन्होंने पुलिस से हर पहलू से जांच करने का आग्रह किया है।

■ **पुलिस से मामले की गहन जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग**

■ **मृतक की पत्नी ने पति की हत्या की आशंका जताई**

परिजनों ने बताया कि संदीप मिश्रा पिछले करीब दो वर्षों से पत्नी अंजली के साथ नहीं रह रहे थे। हालांकि, वह नियमित रूप से अपने बच्चों से मिलने आते थे और परिवार के संपर्क में थे। उनकी अचानक हुई मौत से परिजन स्तब्ध हैं। घटना की सूचना मिलते ही गंगाघाट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

### उन्नाव में डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव के अजगैन थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक अमन की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसका एक साथी घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान अजगैन थाना क्षेत्र के ग्राम भौली निवासी अमन (23) पुत्र जय कारण सिंह उर्फ लाला के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अमन अपने दोस्त राजेंद्र के साथ बाइक से एक बर्थडे पार्टी से लौट रहा था।

अजगैन क्षेत्र में कत्था फैक्ट्री के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उसका साथी राजेंद्र घायल है और उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।

# बाइक रेस कर रहा युवक गंभीर घायल

## हेलमेट न होने से सिर फटा ■ पैर फ्रैक्चर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**बाराबंकी।** बाराबंकी में रविवार रात तेज रफ्तार बाइक रेसिंग के दौरान भीषण हादसा हो गया। जिला अस्पताल और जीआईसी नगर के सामने सड़क पर हुए इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक पल्सर और एक यामाहा बाइक लगभग 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में थीं। इसी दौरान यामाहा बाइक सामने चल रहे एक ई-रिक्शा को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई। हादसे के बाद पल्सर सवार मौके से फरार हो गया।

यामाहा बाइक चला रहे पुलकित पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था,



■ **100 किमी की रफ्तार से चला रहा था**

जिसके कारण उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। उनका एक पैर बुरी तरह टूट गया और पेट में भी गहरी चोट लगी है।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल पुलकित को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां देर रात उनका इलाज शुरू हुआ। चिकित्सकों के अनुसार, उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## पादरी समेत तीन पर गंभीर धाराओं में केस : हिंदुओं को क्रिश्चियन बनाने का चल रहा था प्रयास

# हरदोई में अवैध धर्मांतरण का खुलासा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

हरदोई में टड़ियावां थाना क्षेत्र के महमदापुर गांव में अवैध धर्मांतरण का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक पादरी सहित तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रविवार की रात मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर पनिहैय्या गांव निवासी अल्केश सिंह को सूचना मिली थी कि महमदापुर गांव में राजेश पाल के मकान के बरामदे में एक अवैध प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही है।

आरोप है कि रसूलपुर (पिहानी) के पादरी सत्यपाल अपने साथियों राम सिंह (सीतापुर) और राम प्रवेश (मलिहा) के साथ मिलकर






हिंदू समुदाय के गरीब पुरुषों और महिलाओं को वहां इकट्ठा कर रहे थे।

शिकायत में कहा गया है कि आरोपी हाथों में धार्मिक पुस्तकें लेकर और मोमबत्तियां जलाकर लोगों को सम्मोहित कर रहे थे। उन पर हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने का भी आरोप है।शिकायतकर्ता अल्केश सिंह अपने साथियों आशुतोष, लवकुश, शुभम और रजनीश के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया। इस दौरान, आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों का एक बड़ा गिरोह सक्रिय है, जो मोबाइल पर वीडियो दिखाकर लोगों को बरगलाता है और धर्मांतरण के लिए प्रेरित करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, थानाध्यक्ष इख्तियार हुसैन के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत, बिना किसी कानूनी अनुमति के प्रलोभन, छल-कपट या लालच देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने और इस कृत्य को संगठित रूप से अंजाम देने से संबंधित विशेष धाराएं भी लगाई गई हैं। थानाध्यक्ष ने बताया इस मामले में आरोपी रामप्रवेश और राम सिंह की गिरफ्तारी की गई है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# संजय सेतु छोटे वाहनों के लिए खुला

## मरम्मत के बाद आवाजाही शुरू ■ लोगों को मिली राहत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**बाराबंकी।** बाराबंकी के रामनगर क्षेत्र में सरयू नदी पर बने संजय सेतु को छोटे वाहनों के लिए आंशिक रूप से खोल दिया गया है। मरम्मत कार्य का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा होने के बाद सुबह करीब 9:30 बजे से कार, बाइक और ऑटो जैसे वाहनों का आवागमन शुरू हो गया।

यह पुल लंबे समय से मरम्मत के कारण बंद था, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी। छोटे वाहनों के लिए पुल खुलने से क्षेत्र के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिली है और आवागमन अब पहले से आसान हो गया है।

हालांकि, प्रशासन ने अभी भी बड़े और भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक बरकरार रखी है। अधिकारियों के



अनुसार, पुल की स्थिति और सुरक्षा मानकों का पूर्ण परीक्षण होने के बाद ही भारी वाहनों को अनुमति दी जाएगी।

स्थानीय नागरिकों ने छोटे वाहनों के लिए पुल खोले जाने का स्वागत किया है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि संजय सेतु बड़े वाहनों के लिए कब पूरी तरह खोला जाएगा। प्रशासन ने फिलहाल इस संबंध में कोई निश्चित तिथि घोषित नहीं की है। पुल के आंशिक रूप से खुलने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद बढ़ गई है।

# सम्पादकीय

## आशंकाओं को सही साबित किया सीजेपी ने



सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान 'कॉकरोच' एवं 'परजीवी' शब्दों का इस्तेमाल मौखिक प्रतिक्रिया में किया। जिसके बाद कॉकरोच जनता पार्टी नाम का एक आंदोलन सोशल मीडिया पर खड़ा हुआ। महाराष्ट्र के संभाजीनगर निवासी अभिजीत दिपके तब अमेरिका में पढ़ रहे थे, उन्होंने वहीं से इसे बनाया और डिजिटली स्वरूप में अवतरित हुई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की आखिरकार भौतिक उपस्थिति शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर दिखलाई पड़ी। परन्तु उसने अपने बाबत पहले से फैली आशंकाओं को खरा साबित किया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफा होने तक आंदोलन का हुंकार भरने वाली सीजेपी के पांव शाम ढलने के पहले ही उखड़ गये। दोपहर तकरीबन साढ़े तीन बजे आयोजकों ने यह कहकर धरना समेट लिया कि, 'कोई यह न समझे कि हम पीछे हट गये हैं। यदि प्रधान ने 7 दिनों में अपना त्यागपत्र न दिया तो अगले शनिवार को इसी स्थान पर आंदोलन होगा।' आयोजकों का दावा चाहे जो हो और हफ्ते भर बाद यह आंदोलन फिर से होगा कि नहीं, यह तो 13- 14 जून को ही पता चलेगा, परन्तु शनिवार के घटनाक्रम ने उन लोगों को सही साबित कर दिया जो इस संगठन एवं आंदोलन की विश्वसनीयता पर पहले से ऊंगली उठा रहे थे। हालांकि यह तथ्य भी सही है कि मंच पर मौजूद लोगों की विश्वसनीयता पर भले सवाल हों, लेकिन जंतर-मंतर पर जुटे लोगों का गुस्सा एकदम सच्चा था। ये सारे लोग छात्रों को न्याय मिले इसी उम्मीद से वहां पहुंचे थे। बता दें कि जस्टिस सूर्यकांत के बयान से उपजी नाराजगी 22 मई को नीट पेपर लीक होने और फिर सीबीएसई मार्किंग में गड़बड़ी से और बढ़ गई। इसने नाराज़ छात्रों व युवाओं को इस आंदोलन की शुरुआत करने का अवसर प्रदान कर दिया। उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा में करीब 23 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नीट के रद्द होने से कई छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या तक कर ली। वहीं सीबीएसई में रिजल्ट से करीब 18 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर लगा है। पुराने समाचार पत्र ऐसे वक्त में दिपके ने ऐलान कर दिया कि धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सीजेपी प्रदर्शन करेगी और उसका नेतृत्व करने वे स्वयं दिल्ली आयेंगे। इसके लिये 6 जून की तारीख घोषित थी। सीजेपी बनने के तत्काल बाद एवं खासकर प्रदर्शन के ऐलान के काफी पहले से दिपके व सीजेपी को लेकर कई आशंकाएं व्यक्त की जाने लगीं। माना गया कि यह भारतीय जनता पार्टी का वैसा ही सहयोगी संगठन है जैसा 2011 में 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक संगठन बना था जिसका रूपांतरण नवम्बर, 2012 में आम आदमी पार्टी के रूप में हुआ था और जो सक्रिय राजनीति में उतरी। उसने दिल्ली में तीन बार सरकारें बनाईं।

# समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर 'राम मंदिर विरोधी' होने का ठप्पा क्यों लगा है?

अखिलेश यादव पर 'राम मंदिर विरोधी' होने का ठप्पा उनकी और समाजवादी पार्टी की पिछली सरकारों के फैसलों, हिंदुत्व विरोधी माने जाने वाले बयानों और राम मंदिर आंदोलन के दौरान अयोध्या में हुई गोलीबारी (1990) से जुड़े ऐतिहासिक विवादों के कारण लगा है। इसे मुख्य रूप से निम्नलिखित राजनीतिक और ऐतिहासिक कारणों से बल मिलता हैः 1990 की अयोध्या गोलीबारीः अक्टूबर 1990 में जब अयोध्या में कारसेवकों की भारी भीड़ जुटी थी, तब मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली तत्कालीन सपा सरकार ने पुलिस को गोली चलाने का आदेश दिया था। इस घटना में कई कारसेवकों की जान गई थी, जिसे लेकर हिंदूवादी संगठनों और भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने उन्हें 'राम मंदिर विरोधी' माना। चूंकि अखिलेश यादव इसी पार्टी की विरासत संभालते हैं, इसलिए यह आरोप उन पर भी चस्पा किया जाता है। सांस्कृतिक और धार्मिक मुद्दों पर रुखः सपा सरकार के दौरान कुछ ऐसे फैसले लिए गए (जैसे वीएचपी की विवादित यात्राओं पर प्रतिबंध और हिंदुत्व के एजेंडे का विरोध), जिन्हें भाजपा अखिलेश यादव पर 'राम मंदिर विरोधी' होने का ठप्पा उनकी और समाजवादी पार्टी की पिछली सरकारों के फैसलों, हिंदुत्व विरोधी माने जाने वाले बयानों और राम मंदिर आंदोलन के दौरान अयोध्या में हुई गोलीबारी (1990) से जुड़े ऐतिहासिक विवादों के कारण लगा है। इसे मुख्य रूप से निम्नलिखित राजनीतिक और ऐतिहासिक कारणों से बल मिलता हैः संसद में हालिया बयानः अखिलेश यादव अक्सर संसद या राजनीतिक मंचों से तंज कसते हुए यह कहते हैं कि ₹जिन्होंने गोली चलवाई, वे ही राम मंदिर बनवा रहे हैं।₹ इस तरह के बयान उनके और भाजपा के बीच वैचारिक टकराव को दिखाते हैं और उनकी मंदिर विरोधी छवि को मजबूत करते हैं। समारोहों से दूरीः अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को हुए भव्य 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा' समारोह और 2024 में रामलला के दर्शन का निमंत्रण मिलने के बावजूद अखिलेश यादव का उसमें शामिल न होना, हिंदूवादी संगठनों के बीच उनकी छवि को मंदिर-विरोधी के रूप में स्थापित करने का एक बड़ा कारण बना। जब विधान सभा में राम मंदिर धन्यवाद प्रस्ताव रखा गया था तब सपा के 108 में से केवल 14 विधायकों ने विधानसभा में राम मंदिर धन्यवाद प्रस्ताव का विरोध किया। भाजपा की ओर से कहा जा रहा था कि इनके नाम सार्वजनिक

> आरएलडी के 9 विधायकों में भी करीब 2 विधायक मुस्लिम हैं। समाजवादी पार्टी के कुल 13 लोगों ने राम मंदिर धन्यवाद प्रस्ताव का विरोध किया है। यह विरोध लालजी वर्मा के नेतृत्व में किया गया। दूसरा नाम अखिलेश यादव का भी होगा जाहिर है।



किये जाएं। यूपी बजट सत्र के तीसरे दिन 5 फरवरी को सदन में अपने अभिभाषण के दौरान डॉक्टर शलभमणि त्रिपाठी ने सपा को जमकर लताड़ लगाई। विधानसभा में उन्होंने कहा कि 'राम मंदिर का आमंत्रण तो आप को भी मिला था पर आप अयोध्या नहीं गए। मैं बहुत हैरान हुआ कि जब आप लोग भगवान राम के आमंत्रण पर नहीं गए। आप लोगों ने भगवान राम के वजूद को नकार दिया था। आप लोगों के लिए पश्चाताप का आखिरी अवसर था। आज जब सदन में भगवान राम के नाम पर बधाई प्रस्ताव जा रहा था तब आप लोग चुप रह सकते थे लेकिन आपने विरोध शुरू कर दिया। मैं विधानसभा अध्यक्ष से मांग करता हूं कि उन 14 सपा नेताओं के नाम सार्वजनिक कीजिए जिन्होंने भगवान राम के नाम पर आए बधाई प्रस्ताव का विरोध किया है। दरअसल राम मंदिर निर्माण को लेकर सरकार की ओर से विधानसभा में बधाई प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव का समाजवादी पार्टी के सदस्यों की ओर से आवाज आई कि यह जबरदस्ती की बधाई है। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि कोई जबरदस्ती नहीं है, जो सहमत हों वही बधाई दें। प्रस्ताव पेश होने के बाद समाजवादी पार्टी के 14 सदस्यों ने इसके विरोध में हाथ नहीं उठाया। दरअसल बीजेपी चाहती थी कि ये नाम सामने आएं ताकि उनके मतदाताओं को भी पता चल सके उनके प्रतिनिधि राम मंदिर उद्घाटन में ही नहीं गए बल्कि धन्यवाद प्रस्ताव भी उन्हें मंजूर नहीं है।वैसे भी जनता को यह जानने का अधिकार है कि विधानसभा में पेश होने वाले प्रस्ताव का हमारे जनप्रतिनिधि का क्या रुख है। मतदाता अपने नेता के किए गए कार्यों के आधार पर ही उसे भविष्य में वोट देना है या नहीं देना है का फैसला लेता है।विधायक शलभ मणि ने मीडिया से कहा कि जिन विधायकों ने सदन में भगवान राम के नाम का विरोध किया, अब वे नहीं चाहते कि उनका नाम सार्वजनिक हो, उन्हें पता है कि भगवान राम के खिलाफ वोट करके वे अपने क्षेत्र में जाएंगे तो लोग ही नहीं उनके परिवार वाले भी उनसे पूछेंगे कि आपने ऐसा क्यूँ किया। यही वजह है कि सपा विधायक ओमवेश जी ने तो प्रभु राम के खिलाफ दिया गया अपना वोट यह कहते हुए वापस ले लिया कि वे पक्के राम भक्त हैं। जो राम और राष्ट्र के साथ नहीं, देश उनके साथ नहीं खड़ा होगा। गौरतलब है की विधानसभा में प्रस्ताव आने के बाद सपा के 97 विधायकों ने योगी सरकार का समर्थन किया। महज 14 विधायकों ने विरोध करते हुए हाथ ऊपर नहीं किया। रालोद के विधायकों का भी समर्थन योगी सरकार को मिला। 14 विधायकों में से एक स्वामी ओमवेश ने अपना विरोध वापस ले लिया है, मतलब अब केवल 13 विधायक ही प्रस्ताव का विरोध करने वाले रह गए हैं। साफ है कि राम मंदिर के नाम पर पार्टी में कभी विधायक दल की बैठक नहीं हुई या राममंदिर मुद्दे पर पार्टी को क्या स्टैंड लेना है इस पर भी पार्टी से सलाह नहीं ली गई। पार्टी पिछले 4 चुनावों से उत्तर प्रदेश में मुंह की इसी लिए खा रही है क्योंकि पार्टी को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चलाया जा रहा है। बताया तो यभी गया था कि 2022 में समाजवादी पार्टी के 108 विधायक चुनकर सदन में पहुंचे। जिसमें से करीब 32 विधायक मुस्लिम हैं। आरएलडी के 9 विधायकों में भी करीब 2 विधायक मुस्लिम हैं। समाजवादी पार्टी के कुल 13 लोगों ने राम मंदिर धन्यवाद प्रस्ताव का विरोध किया है। यह विरोध लालजी वर्मा के नेतृत्व में किया गया। दूसरा नाम अखिलेश यादव का भी होगा जाहिर है। अब बचे 11 लोग केवल अखिलेश के पक्ष में बचे विधानसभा में समाजवादी पार्टी के एक विधायक अब भी पुराने दौर के सपा से बाहर नहीं निकल पाए हैं। यह जानते हुए भी कि 90 प्रतिशत विधायक राम मंदिर के साथ हैं सपा विधायक तूफानी सरोज सदन में कहते हैं कि अगर वो भी होते कारसेवकों पर गोली चलवाते। दरअसल समाजवादी पार्टी पितृ पुरुष मुलायमसिंह यादव ने 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाकर अल्पसंख्यक वोटों के सरदार बन गए थे।

**अशोक भाटिया**

---

वहीं कांग्रेस से ...

कमलेश पांडेय

# यदि विपक्षी दलों का समर्थन सीजेपी के युवा आंदोलन को मिला तो दिवास्वप्न होगा धराशायी

सीजेपी का जंतर-मंतर आंदोलन परवान चढ़ चुका है। इससे उत्साहित विपक्षी समाजवादी सियासत के थिंक टैंक, सामाजिक आंदोलनधर्मियों के बौद्धिक ईंधन और मशहूर राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव ने जिस योजनाबद्ध तरीके से कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी) के युवा आंदोलन को समर्थन दिया है, वह काबिलेतारीफ है। साथ ही एक सियासी शतरंजी चाल चलते हुए श्री यादव ने विपक्षी दलों से भी इस यूथ मूवमेंट को समर्थन देने या इससे जुड़ने का आह्वान किया है, जिसके कई संभावित राजनीतिक अर्थ/निहितार्थ निकाले जाने लगे हैं। लेकिन हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि एक तो उन्होंने भारतीय विपक्ष की प्रकृति और प्रवृति के विपरीत जाकर जिस राजनीतिक उदारता की अपेक्षा जताई है, वह गूलर का फूल मानिंद है। इसलिए उसके अर्थ परिस्थिति, बयान की भाषा और विपक्ष की वास्तविक प्रतिक्रिया पर निर्भर करेंगे जबकि जानकार बताते हैं कि सीजेपी का यह स्वतःस्फूर्त डिजिटल आंदोलन, जो अब सरजमीं पर भी धमक आया है, छात्र और युवा मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं बल्कि राजनीतिक मुख्यधारा में प्रवेश है। सीजेपी का यह आंदोलन परीक्षा अनियमितताओं, पेपर लीक, भर्ती प्रक्रियाओं और युवाओं की नाराजगी को केंद्र में रखकर उभरा है। इसलिए यदि विपक्ष इसका समर्थन करता है तो ये मुद्दे सोशल मीडिया या सड़क तक सीमित न रहकर संसद और चुनावी राजनीति का विषय बन सकते हैं। चूंकि भारत का विपक्ष अक्सर एक साझा राष्ट्रीय मुद्दे की तलाश में रहता है, तो बेरोजगारी, शिक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता ऐसे मुद्दे हैं जिन पर विभिन्न दल एक साथ आ सकते हैं। इसलिए समर्थन का आह्वान विपक्षी एकजुटता की कोशिश के



रूप में भी देखा जा सकता है। हालांकि, विपक्षी दल इससे दूर रहना चाहते हैं ताकि आंदोलन की गैर-दलीय छवि पर असर न पड़े। दरअसल, अब तक यह आंदोलन स्वयं को युवा-आधारित और व्यवस्था-विरोधी मंच के रूप में प्रस्तुत करता रहा है। लिहाजा, यदि विपक्षी दल खुलकर इसके साथ खड़े होते हैं तो सत्तापक्ष इसे विपक्ष-प्रेरित अभियान बताने की कोशिश कर सकता है। बताया जाता है कि यदि आंदोलन को सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और विपक्षी दलों का समर्थन मिलता है, तो सरकार के लिए इसे केवल सोशल मीडिया ट्रेंड या सीमित विरोध बताना कठिन हो सकता है। इससे शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर जवाबदेही की मांग बढ़ सकती है। समझा जाता है कि यदि योगेंद्र यादव जैसे सार्वजनिक बुद्धिजीवी किसी युवा आंदोलन का समर्थन करते हैं तो कुछ लोग इसकी तुलना जेपी आंदोलन या अन्ना हज़ारे आंदोलन से करने लगेंगे हालांकि अभी उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यह कहना बहुत जल्दबाजी होगी कि यह आंदोलन उस स्तर की राजनीतिक शक्ति या जनाधार हासिल कर चुका है। दिलचस्प बात तो यह है कि यदि विपक्ष खुलकर साथ आता है तो सत्तापक्ष इस आंदोलन को स्वतःस्फूर्त युवा असंतोष के बजाय विपक्ष समर्थित राजनीतिक अभियान के रूप में पेश कर सकता है। फलस्वरूप भारतीय राजनीति में आंदोलनों की वैधता पर संघर्ष अक्सर उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना आंदोलन का मूल मुद्दा। कुल मिलाकर, योगेंद्र यादव के समर्थन और विपक्षी दलों से उनके संभावित आह्वान का सबसे बड़ा राजनीतिक अर्थ यह होगा कि युवा असंतोष का प्रश्न एक सामाजिक मुद्दे से आगे बढ़कर राष्ट्रीय राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन जाए लेकिन इससे आंदोलन मजबूत होगा या उसकी गैर-दलीय विश्वसनीयता कम होगी, यह आगे की घटनाओं पर निर्भर करेगा। वहीं, राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि आपस में ही शह-मात देने को अभिशप्त विपक्ष और एक के बाद एक सियासी रूप से धराशायी होती जा रही पार्टियां, खासकर कांग्रेस व उसके नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी और उसके नेता पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस और उसकी नेत्री पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली गंवा चुकी आप और उसके नेता पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राजद और उसके नेता पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, शिव सेना यूबीटी और उसके नेता पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, एनसीपी और उसके नेता शरद पवार, डीएमके और उसके नेता स्टालिन, इनैलो और उसके नेता चौटाला बन्धु आदि अब राजनीतिक रूप से सत्तापक्ष के समक्ष अप्रासंगिक हो चले हैं। इसके उलट भाजपा रणनीतिकारों ने क्षेत्रीय दलों और उनके गठबंधन में फूट डालो-शासन करो वाला दांव चल कर सब कुछ अपने पक्ष में कर लिया है। वहीं कांग्रेस से छिटके और सम्पूर्ण क्रांति व अन्ना आंदोलन से उपजे जिन नेताओं ने समय रहते ही भाजपा का दामन थाम लिया, उनकी राजनीतिक इज्जत तो बच गई अन्यथा भाजपा विरोधियों की जो सियासी भद्द पिटी, उसके बारे में कहा नहीं जा सकता।

---

भारतीय संविधान ...

ललित गर्ग

# लोकतंत्र का व्यंग्य या लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर संकट?

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल मतदान की व्यवस्था नहीं, बल्कि संवाद, सहमति, असहमति, संवैधानिक मर्यादाओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों का एक सशक्त तंत्र है। लोकतंत्र की शक्ति विरोध में निहित है, लेकिन उसकी गरिमा विरोध की शैली, उद्देश्य और मर्यादा से निर्धारित होती है। हाल के दिनों में चर्चित हुई तथाकथित 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) इसी संदर्भ में गंभीर विमर्श की मांग करती है। यह आंदोलन प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध के नाम पर उभरा। प्रारम्भ में यह सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक अभियान के रूप में सामने आया और बाद में दिल्ली के जंतर-मंतर तक पहुंच गया। इसके समर्थकों ने इसे युवाओं के आक्रोश की अभिव्यक्ति बताया, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तव में शिक्षा सुधार का आंदोलन है या लोकतांत्रिक असंतोष को व्यंग्य, उपहास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की दिशा में मोड़ने वाला एक नया प्रयोग?

भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार देता है। किंतु कोई भी अधिकार निरंकुश नहीं होता। लोकतंत्र में विरोध का उद्देश्य समाधान की खोज होना चाहिए, न कि अराजकता का विस्तार। यदि विरोध का स्वर केवल उपहास, आक्रोश और टकराव तक सीमित रह जाए, तो वह लोकतंत्र को मजबूत करने के बजाय कमजोर करने लगता है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' का नाम ही एक नकारात्मक और व्यंग्यात्मक मानसिकता का परिचायक है। किसी राजनीतिक दल की नकल



करते हुए स्वयं को "कॉकरोच" के प्रतीक से जोड़ना लोकतांत्रिक विमर्श को गंभीरता से अधिक तमाशे में बदलने का प्रयास प्रतीत होता है। लोकतंत्र में व्यंग्य का स्थान है, लेकिन व्यंग्य यदि विचार का स्थान ले ले, तो वह जनमत को भ्रमित भी कर सकता है।

किसी भी आंदोलन का मूल्यांकन उसकी मांगों और कार्यप्रणाली से किया जाता है। सीजेपी की प्रमुख मांगें हैं- परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, पेपर लीक की रोकथाम, शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। इनमें से अधिकांश मांगें ऐसी हैं जिन पर देश का हर जिम्मेदार नागरिक सहमत हो सकता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मांगों को मनवाने का तरीका भी उतना ही जिम्मेदार है? क्या कॉकरोच के मुखौटे पहनना, राजनीतिक व्यंग्य को आंदोलन का आधार बनाना और सोशल मीडिया पर उत्तेजक अभियानों को बढ़ावा देना शिक्षा सुधार का व्यावहारिक मार्ग है? क्या इससे सरकार, विशेषज्ञों और समाज के बीच सार्थक संवाद स्थापित होगा? इतिहास बताता है कि स्थायी परिवर्तन नारेबाजी से नहीं, बल्कि वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक अनुशासन और रचनात्मक दबाव से आते हैं।

---

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से बरेली में आत्मनिर्भरता की मिसाल बनतीं लखपति दीदी

ग्रामीण भारत की तस्वीर आज तेजी से बदल रही है और इस बदलाव के केंद्र में गांवों की वे महिलाएं हैं जो अब केवल घर की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं बल्कि आर्थिक विकास की मजबूत धुरी बन चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से बरेली जनपद में हजारों महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखी है। ये महिलाएं अपने परिश्रम, कौशल और संकल्प के बल पर न केवल स्वयं को सशक्त बना रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं। भारत सरकार और प्रदेश सरकार के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए लखपति दीदी योजना का संचालन एक शानदार और प्रभावी पहल साबित हो रहा है।

इस विशेष योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह से जुड़ी



महिलाओं की आय में बढ़ोतरी करना है जिसके तहत उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। व्यवसाय शुरू करने के लिए महिलाओं को आसान ऋण सुविधाएं और तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। लखपति दीदी योजना का लाभ मुख्य रूप से मान्यता प्राप्त स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी वैसी महिलाओं को मिल रहा है जिनकी आयु 18 से 56 वर्ष के बीच है। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को व्यवसाय विस्तार या नया उद्यम शुरू करने के लिए स्थानीय स्तर पर ऋण की व्यवस्था की जाती है।

---

## जरा हटके

# प्रदेश सरकार पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं को दे रही है निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

आज के आधुनिक एवं वैज्ञानिक युग में प्रत्येक व्यक्ति को कम्प्यूटर शिक्षा आवश्यक हो गयी है। आधुनिक कार्यशैली में कंप्यूटर कौशल की मांग सबसे अधिक है। आज कॉर्पोरेट नौकरी, सरकारी पद या फ्री लांसिंग कार्य के लिए कंप्यूटर ज्ञान सफलता की कुंजी है। आजकल शिक्षा प्रणाली भी पूरी तरह से डिजिटल हो गई है। कंप्यूटर प्रशिक्षण की मदद से छात्र किसी भी विषय, पाठ्यक्रम (ऑनलाइन कोर्सेज) और ट्यूटोरियल तक आसानी से पहुंच सकते हैं। आज के समय में बिल भुगतान, रेलवे टिकट बुकिंग, बैंकिंग लेनदेन, और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग किया जाता है। छोटे हों या बड़े व्यवसाय, कंप्यूटर उनके संचालन को सरल और तेज बनाते हैं। इसका सही प्रशिक्षण इन्वेंट्री प्रबंधन, ऑनलाइन मार्केटिंग और एकाउंटिंग में मदद करता है।

इस डिजिटल युग में तकनीकी शिक्षा एक अनिवार्य आवश्यकता बन गई है। उत्तर प्रदेश, जो भारत की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है, अपनी युवा शक्ति को कौशल संपन्न बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'ओ-लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना इसी दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह योजना मुख्य रूप से समाज के पिछड़े वर्ग के उन छात्र-छात्राओं के लिए है, जो आर्थिक अभाव के कारण महंगे तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं ले पाते। उ0प्र0 सरकार पिछड़े वर्ग के इण्टरमीडिएट पास बेरोज़गार युवक/युवतियों, जिनके माता-पिता/अभिभावकों की वार्षिक आय रूपये एक लाख तक अथवा उससे कम है, को भारत सरकार की नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का प्राविधान है। संस्था एवं आवेदकों द्वारा चयन हेतु वेबसाइट ीजजचरूध्ध्वइबब-वउचनजमतजतंपदपदहण्नचेकबण्हवअण्पद पर आवेदन किया जाता है। 'ओ' लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु भुगतान की जाने वाली धनराशि अधिकतम् रूपये 15000/- प्रति प्रशिक्षार्थी तथा सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु रूपये 3500/- अधिकतम सीधे संस्था को



भुगतान किये जाने की व्यवस्था है।

यदि किसी लाभार्थी द्वारा संस्था को पूरी फीस जमा कर दी गई तो जमा रसीद को संस्था से सत्यापित कराने के बाद भुगतान विभाग द्वारा सीधे लाभार्थी को किये जाने की व्यवस्था है। 'ओ' लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि 01 वर्ष तथा 'सी0सी0सी0' कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि 03 माह होती है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु संस्थाओं के चयन की कार्यवाही निदेशक की अध्यक्षता में एवं लाभार्थियों के चयन के लिए जनपद स्तर पर ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से की जाती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत कुल 435 संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये गये थे, जिसके सापेक्ष नियमानुसार पात्र पायी गयी 299 संस्थाओं का चयन किया गया है, जिनमें 22407 ओ लेवल एवं 6784 सी0सी0सी0 कुल 29191 प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश में वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 तक 101139 छात्र, छात्राओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार का ध्येय है कि केवल साक्षरता से रोजगार प्राप्त करना कठिन है। आज के समय में डिजिटल साक्षरता ही भविष्य की कुंजी है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की इस योजना का मुख्य उद्देश्य अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कंप्यूटर के क्षेत्र में निपुण बनाकर उन्हें स्वरोजगार और सरकारी, निजी क्षेत्र की नौकरियों के योग्य बनाना है। इस योजना के तहत छप्म्स्प्ज् (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को निःशुल्क कराया जाता है। इसमें दो प्रमुख पाठ्यक्रम शामिल हैं। इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को अन्य पिछड़ा वर्ग (व्ठब्) का होना अनिवार्य है (क्रीमी लेयर के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे)। उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 'ओ-लेवल' प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट (12वीं) उत्तीर्ण होनी चाहिए। 'सीसीसी' प्रशिक्षण के लिए भी इंटरमीडिएट या उससे संबंधित योग्यता अनिवार्य है। आय सीमा आवेदक के परिवार की वार्षिक आय वर्तमान मानदंडों के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग निर्धारित है। अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थी किसी भी शिक्षण संस्थान से नियमित छात्र के रूप में अध्ययनरत न हो और न ही वह किसी सरकारी लाभ के पद पर हो। योजना की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और डिजिटल है। उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के आधिकारिक पोर्टल (ीजजचरूध्ध्वइबबवउचन-जमतजतंपदपदहण्नचेकबण्हवअ-ण्पद) पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह पिछड़े समाज के बौद्धिक उत्थान का एक माध्यम है। प्रदेश सरकार ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास'' के मंत्र को चरितार्थ करते हुए, यह योजना युवाओं के हाथों में लैपटॉप और तकनीकी ज्ञान थमाकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। इस योजना का विस्तार और अधिक पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश 'आईटी हब' के रूप में उभरने वाले युवाओं का नेतृत्व करेगा। भारत की आत्मा उसके गांवों और कस्बों में बसती है, लेकिन जब बात उच्च और माध्यमिक शिक्षा की आती है, तो ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को बड़े शहरों या शैक्षणिक केंद्रों का रुख करना पड़ता है।

### कानपुर में 24 घंटे और मुश्किल भरे होंगे ■ जू में बाघिन वाटर पूल में मस्ती कर रही

# दिन में लू और रात में उमस ने किया परेशान

**तपिश**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**कानपुर ।** कानपुर में इन दिनों सुबह 8 बजे से ही चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। रविवार को दिन चढ़ने के साथ सूरज की तपिश बढ़ती गई और दोपहर में सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया। बाजारों और प्रमुख चौराहों पर सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ कम दिखाई दी।

महिलाएं छाते का सहारा लेकर घरों से निकलीं, जबकि राहगीर चेहरे को स्कार्फ और कपड़ों से ढककर सफर करते नजर आए। वहीं, जू में बाघिन वाटर पूल में घंटों बैठकर मस्ती करती रही, बाघ को पानी की बौछारों से नहलाया गया। हिरण भी वाटर स्प्रिंकलर के लिए खड़े होकर



गर्मी से राहत पाने की कोशिश में लगे रहे।

देर शाम तक लू जैसे हालात बने रहे और सूरज ढलने के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली। उमस भरी गर्मी ने रात तक लोगों का पसीना छुड़ाए रखा। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया- अगले 24 घंटे और मुश्किल भरे होंगे। अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।



### जू में बाघिन वाटर पूल में मस्ती करती रही

भीषण गर्मी का असर कानपुर जू में जानवरों पर भी देखने को मिला। बाघ और बाघिन को राहत देने के लिए जू प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए। जूकीपर बाघ पर पानी की बौछार करते नजर आए, जबकि सफेद बाघिन और अन्य बाघिनें वाटर पूल में मस्ती करते दिखे। घंटों वाटर पूल से बाहर नहीं निकलीं। कुछ बाघ पेड़ों की छांव में आराम करते दिखाई दिए, ताकि तेज धूप से बच सकें।

### खुद को ठंडा रखने के लिए वाटर स्प्रिंकलर के पास जुटे हिरन

बढ़ते तापमान के बीच जू में हिरनों के लिए भी राहत के इंतजाम किए गए। वाटर स्प्रिंकलर के आसपास हिरनों का झुंड ठंडक पाने के लिए जमा दिखाई दिया। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जानवरों की गतिविधियों में भी बदलाव देखा गया और अधिकांश वन्यजीव छांव या पानी के आसपास समय बिताते रहे।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने शहर की प्रमुख सड़कों पर वाटर स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया। सड़क की तपिश कम करने के उद्देश्य से किए गए इस प्रयास से राहगीरों को कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन गर्म हवाओं का असर पूरे दिन बना रहा।

# 25,000 रुपये का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

### पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दबोचा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**रायबरेली।** रायबरेली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25,000 रुपये के इनामी बदमाश चंदन जोशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से वांछित था और पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था।

यह गिरफ्तारी 3 दिसंबर 2025 को हुई लूट की एक वारदात के खुलासे से जुड़ी है। मदनपुर निवासी विजेंद्र बहादुर सिंह ने 112 टीम को सूचना दी थी कि भोजपुर स्थित अपना मेडिकल स्टोर बंद कर घर जाते समय बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें धक्का मारकर चेन लूट ली थी। इस मामले में थाना सरेनी में मुकदमा दर्ज किया गया था और पहले ही पांच अभियुक्तों को जेल भेजा जा चुका था।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के



निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में थाना सरेनी की पुलिस टीम ने रविवार को आरोपी चंदन जोशी को भोजपुर उसरू मार्ग के पास से दबोचा। चंदन जोशी कानपुर नगर के रेल बाजार निवासी संग्राम जोशी का पुत्र है।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने चंदन जोशी के पास से एक अवैध तमंचा (12 बोर), एक जिंदा कारतूस और एक मिस कारतूस (12 बोर), दो मोबाइल फोन, एक सीज की गई मोटरसाइकिल और 2200 रुपये नकद बरामद किए हैं।

**फास्ट न्यूज**

### अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

फिरोजाबाद। आगरा जोन की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएन-टीएफ) और थाना रासूलपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 102 किलो 66 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद ने बताया कि एएनटीएफ आगरा जोन के प्रभारी हरविंदर मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक में पेंट के बॉक्सों के बीच छिपाकर गांजा ले जाया जा रहा है।

### डूबकर युवक की मौत

**बाराबंकी।** बाराबंकी के थाना जहांगीरा-बाद क्षेत्र के टेंरा दौलतपुर गांव में एक युवक की तालाब में डूबने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान गांव निवासी राजन पुत्र दिनेश (30) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, राजन सोमवार सुबह करीब 10 बजे दवा लेने के लिए घर से निकला था। वह काफी समय से बीमार चल रहा था और उसका इलाज जारी था। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिवार के सदस्यों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान गांव के तालाब के किनारे राजन की साइकिल खड़ी मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने खोजबीन की तो उसका शव तालाब में पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया।

### सोसाइटी मेंटेनेंस चार्ज में 40 प्रतिशत बढ़ोतरी पर भड़के निवासी

ग्रेटर नोएडा । उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा पश्चिम स्थित सुपरटेक इकोविलेज-वन सोसाइटी में मेंटेनेंस शुल्क में की गई भारी बढ़ोतरी के खिलाफ निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों सोसाइ-टीवासियों ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और फैसिलिटी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। सोमवार को प्रदर्शन कर रहे सोसाइटी निवासियों द्वारा प्रदर्शन एवं नारेबाजी के दौरान आरोप लगाते हुए बताया गया कि, बिना उनकी सहमति और पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराए मेंटेनेंस चार्ज में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

### सुबह से ही तेज धूप ■ दिन का पारा 1 डिग्री सेल्सियस बढ़ा

# आगरा में फिर गर्मी बढ़ी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में एक बार फिर से गर्मी अपना असर दिखा रही है। दिन का तापमान 41C के पार पहुंच गया है। तेज धूप के बीच उमस लोगों को बेहाल कर रही है। आज सुबह से ही तेज धूप खिली हुई है। दोपहर में तापमान बढ़ने से सड़कों पर सन्नाटा दिख रहा है। सामान्य से कम गाड़ियां दिख रही हैं।आंधी-बारिश की आज कोई संभावना नहीं है। मौसम खुला रहेगा।

शनिवार की अपेक्षा रविवार को दिन के तापमान में एक डिग्री और रात के तापमान में 0.8C की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। रविवार को अधिकतम तापमान 41.4C और न्यूनतम तापमान 25.8C रहा। जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 40.4C और न्यूनतम तापमान 25C रहा था। शाम को हवाएं चलने की वजह से रात का



तापमान सामान्य से 2.6C कम है।

पिछले दिनों आए अंधड़ और बारिश के बाद अब मौसम साफ हो गया है। हालांकि रविवार रात को तेज हवाओं की वजह से मौसम सुहाना हो गया था। हल्की बूंदाबांदी ने गर्मी से थोड़ी राहत दी। मौसम विभाग का अनुमान है कि फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। शुरुआती दिनों में हल्के बादल दिखाई दे सकते हैं, लेकिन बाद में आसमान साफ रहेगा।

बारिश के बाद निकली तेज धूप के कारण वातावरण में नमी बढ़ेगी, जिससे उमस और चुभन वाली गर्मी का असर अधिक महसूस होगा। बाहर निकलने पर लोगों को पसीने और गर्म हवाओं से परेशानी हो सकती है।

# ट्रैफिक सिग्नलों पर धूप से राहत मिलेगी

### चौराहों पर छांव के लिए ग्रीन मैट पर्दे लगे ■ टाटमिल समेत 8 स्थानों पर सुविधा शुरू हुई

**इंतजाम**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**कानपुर ।** कानपुर में भीषण गर्मी और उमस के बीच शहरवासियों को ट्रैफिक सिग्नलों पर राहत देने के लिए प्रशासन और नगर निगम ने विशेष पहल शुरू की है। शहर के 15 प्रमुख चौराहों पर ग्रीन मैट, पर्दे और टेंट लगाकर छायादार इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि रेड लाइट पर रुकने वाले लोगों को तपती धूप से बचाया जा सके।

शहर में इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है। ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को ट्रैफिक सिग्नलों पर इंतजार के दौरान तेज धूप और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए प्रशासन ने प्रमुख चौराहों पर अस्थायी छांव की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है।



### 8 चौराहों पर व्यवस्था शुरू हुई

नगर निगम के अनुसार, अब तक शहर के 8 चौराहों पर ग्रीन मैट और पर्दों के जरिए छांव की व्यवस्था की जा चुकी है। सबसे पहले यह व्यवस्था टाटमिल चौराहे पर शुरू की गई। इसके बाद फजलगंज और बड़ा चौराहा सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर भी टेंट और ग्रीन पर्दे लगाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही शहर के सभी 15 चिन्हित बड़े ट्रैफिक सिग्नल वाले चौराहों पर यह व्यवस्था पूरी कर दी जाएगी।

- सबसे पहले यह व्यवस्था टाटमिल चौराहे पर शुरू की गई
- प्रमुख स्थानों पर भी टेंट और ग्रीन पर्दे लगाए गए

### लोगों ने पहल को सराहा

प्रशासन की पहल को लोगों ने सराहा है। कहा कि वाहन चलते समय तेज धूप का असर कम महसूस होता है, लेकिन ट्रैफिक सिग्नल पर रेड लाइट के दौरान रुकना काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में छांव की यह व्यवस्था लोगों को गर्मी से कुछ राहत देगी।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, भीषण गर्मी के दौरान ट्रैफिक सिग्नलों पर लगाया गया यह इंतजाम विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए काफी अच्छा रहेगा। इसके साथ ही कुछ दिनों में अन्य चौरहों पर भी ऐसे इंतजाम किए जाएंगे।

# भाई को बचाने नदी में कूदा छोटा भाई, मौत

### सरकारी टीचर भाई परिवार संग पिकनिक पर गए थे ■ भाई की थी पुलिस भर्ती परीक्षा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**महोबा ।** महोबा में पिकनिक मनाने परिवार के साथ गए दो सगे भाइयों की धसान नदी में डूबने से मौत हो गई। दरअसल, नहाते समय जितेंद्र और उनका 5 साल का बेटा नदी में डूबने लगा। जितेंद्र ने बेटे को तो किसी तरह किनारे की ओर उछाल दिया, लेकिन खुद पानी में डूबने लगे।

बड़े भाई जितेंद्र को डूबता देख छोटा भाई विपिन भी उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गया, लेकिन दोनों ही बाहर नहीं निकल सके। आसपास मौजूद गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पानी से बाहर निकाला, मगर उनकी जान नहीं बच सकी।

परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस करीब 2 घंटे की देरी से पहुंची। उनका कहना है कि दोनों भाइयों की सांसें करीब डेढ़ घंटे तक चल रही थीं। समय पर चिकित्सा सहायता



### खाकी पहनने का सपना धसान नदी में डूबा

छोटा भाई विपिन उर्फ राजा सोमवार को होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देने महोबा आया था। परिवार को उम्मीद थी कि वह खाकी वर्दी पहनकर घर और गांव का नाम रोशन करेगा, लेकिन परीक्षा से ठीक एक दिन पहले हुई इस घटना ने परिवार की सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

दो सगे भाइयों की एक साथ मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिल जाती तो उनकी जान बच सकती थी।

रविवार देर शाम हुई यह घटना महोबा और झांसी जिले की सीमा पर स्थित धसान नदी की है। मृतकों की पहचान बिजौली गांव निवासी सरकारी शिक्षक जितेंद्र (32) और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे उनके भाई विपिन (24) के रूप में हुई है।

### सीमा विवाद में उलझी रही 108 एंबुलेंस

दोनों भाइयों को नदी से बाहर निकालने के बाद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। परिजनों का आरोप है कि घटना स्थल महोबा और झांसी जिले की सीमा पर होने के कारण एंबुलेंस सीमा विवाद में उलझी रही। उनका कहना है कि 108 पर की गई कॉल बार-बार झांसी कंट्रोल रूम में ट्रांसफर हो रही थी। परिजनों के मुताबिक, काफी देर तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। बाद में पनवाड़ी से एंबुलेंस बुलाई गई।

अस्पताल पहुंचने पर सरकारी डॉक्टरों ने दोनों भाइयों को मृत घोषित कर दिया।

# महिला के साथ मारपीट मामले में पुलिस की मुश्किल बढ़ी

### रिमेडिकेल के बाद कोर्ट ने 3 दरोगा समेत 4 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के आदेश दिए

**इंतजाम**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**आगरा।** गैरजमानती वारंट पर गिरफ्तारी के दौरान मारपीट करने के मामले में पुलिसकर्मियों की मुश्किल बढ़ गई है। कोर्ट ने सिकंदरा थाने में तैनात तीन दरोगा समेत 4 पुलिसक-र्मियों पर प्राथमिकी के आदेश दिए हैं।

सिकंदरा पुलिस ने शुक्रवार को रुनकता निवासी सीमा सिकरवार को शाहगंज थाने में दर्ज एक मामले चल रहे गैर जमानती वारंट पर गिरफ्तार किया। उन्हें शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

इसके बाद सीमा के अधिवक्ता ने एक प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। आरोप लगाया गया कि शुक्रवार को दरोगा



- दो महिला दरोगाओं ने लात-घूंसों और बेल्ट से पीटा
- मेडिकल में चोटों की पुष्टि

सुरजीत सिंह सहित सिकंदरा पुलिस ने सीमा की गिरफ्तारी के दौरान घर में तोड़फोड़ की और जरूरी दस्तावेज भी ले गए।

वाहन में दरोगा सुरजीत सिंह, चौकी प्रभारी नीलेश शर्मा और दो महिला दरोगाओं ने लात-घूंसों और बेल्ट से सीमा की पिटाई की। उनके अंदरूनी और बाहरी चोटें आईं। इससे वह चलने-फिरने में असमर्थ हैं। अदालत ने केस डायरी के अवलोकन में पाया कि सीमा के मेडिकल प्रपत्र में उसे कुछ चोटें आने का उल्लेख है।

# ढहाए जा रहे बारिश में गिरे 4 मकान

### 2 जून को हुई बारिश में गिर गए थे नाले पर बने चारों मकान

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**आगरा।** आगरा के बालूगंज में बारिश में गिरे चारों मकान अब पूरी तरह से ढहाए जा रहे हैं। नगर निगम ने इन्हें तोड़ना शुरू कर दिया है। ये चारों मकान नाले के ऊपर बने हुए थे। नगर निगम की टीम इन मकानों को गिराकर इनका मलबा उठवा रहा है। इधर, स्कूल के नीचे बने नाले की मरम्मत का भी काम शुरू कर दिया गया है।

2 जून तड़के आगरा में मूसलाधार बारिश हुई थी। इसमें बालूगंज स्थित चार मकान गिर गए थे। हादसे के वक्त घरों में करीब 15 लोग थे। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। अगले ही दिन यानि 3 जून को डीएम मनीष बंसल ने नगर निगम और प्रशासन की टीम के साथ यहां का निरीक्षण किया था।



जिसमें पता चला था कि ये चारों मकान नाले के ऊपर बने हुए थे। इसके साथ ही बैनी सिंह इंटर कॉलेज भी नाले के ऊपर बना था।

डीएम के आदेश के बाद नगर निगम ने बालूगंज के नालों पर बने इन गिरासू मकानों को जर्जर घोषित करते हुए इन्हें ढहाने के लिए नोटिस जारी किया था। सोमवार सुबह नगर निगम की टीम ने इन गिरे हुए मकानों के बाकी हिस्सों को एक-एक कर गिराना शुरू कर दिया।

### मां के साथ रहता था युवक | कोरोना के समय पिता की हो गई थी मौत

# 5वीं मंजिल से गिरकर म्यूजिक टीचर की मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**कानपुर।** कानपुर के बिठूर थाना क्षेत्र स्थित सुखधाम अपार्टमेंट में शनिवार देर रात एक युवक की पांचवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बिठूर थाना क्षेत्र के सिंहपुर मे शनिवार रात करीब 11:30 बजे सुखधाम अपार्टमेंट के टावर संख्या-2 से एक युवक के नीचे गिरने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि युवक की पहचान आयुष तिवारी (28) पुत्र स्वर्गीय रंजन तिवारी निवासी टी-2/504, सुखधाम अपार्टमेंट, थाना बिठूर के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक के गिरने के बाद अपार्टमेंट के कुछ



लोगों ने उसे तत्काल उपचार के लिए पारस अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन और स्थानीय लोग शव को वापस अपार्टमेंट ले आए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जाँच पड़ताल करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आयुष अपनी मां अंजू तिवारी के साथ अपार्टमेंट में रहता था। उसके पिता रंजन तिवारी की कोरोना काल के दौरान मृत्यु हो चुकी थी।

आयुष म्यूजिक सिखा कर अपना जीवन यापन करता था। सोसाइटी के लोगों ने पुलिस को बताया कि आयुष स्वभाव से शांत था और अधिक लोगों से मेलजोल नहीं रखता था।

> बिठूर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया- मृतक के परिजनों द्वारा अभी तक कोई आरोप या तहरीर नहीं मिली है अगर कोई तहरीर मिलेगी तो जाँच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस ने मृतक के अन्य रिश्तेदारों और परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी।

# पति से झगड़े के बाद पत्नी फंदे से लटकी

### सुबह जल्दी उठने को लेकर हुआ था विवाद

**तमसा संकेत, एजेंसी**

**कानपुर।** कानपुर के किदवई नगर में जल्दी सोकर उठने को लेकर पति से हुए झगड़े के बाद पत्नी ने फंदा लगाकर जान दे दी। कमरे में भतीजी के पहुंचने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने बताया कि 30 मई को ही पूरा परिवार वैष्णों देवी से दर्शन कर लौटा था।

महिला के परिजनों ने संपत्ति विवाद को लेकर हत्या करने का आरोप लगाया। परिजनों का आरोप है कि मृतका के शरीर पर चोट के कई निशान है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

जूही सफेद कॉलोनी निवासी नितिन बैंगलौर में ऑनलाइन कंपनी में नौकरी करते है। उनकी शादी वर्ष 2015 में नौरैयाखेड़ा निवासी



- मायके वाले बोले- प्रॉपर्टी के लिए हत्या की गई

सेनू (30) से हुई थी। उनके दो बच्चे अभिराज व अभितेज है। नितिन ने बताया कि 30 मई को वह पत्नी व बच्चों के साथ वैष्णो देवी से दर्शन कर लौटे थे, जिसके बाद से उनके बच्चों की तबियत खराब चल रही थी।

रविवार सुबह पत्नी देर से सोकर उठी, जिस पर पत्नी से विवाद हो गया था। इसके बाद पत्नी ने बच्चों को खाना देकर कमरे में जाकर फंदे से लटककर जान दे दी।

## अयोध्या में एसटीएफ ने घेरा तो स्टेन-गन से बरसाईं गोलियां, 2 लाख का इनामी, 41 मुकदमे थे

# कारोबारी का हत्यारोपी भानु सिंह एनकाउंटर में हुआ ढेर

**फायरिंग**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या। अयोध्या में STF ने 2 लाख रुपए के इनामी बदमाश भानु प्रताप सिंह उर्फ बबलू (38) को मार गिराया। रविवार देर रात STF को सूचना मिली थी कि आरोपी साथी के साथ बाइक से भाग रहा है। टीम ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने स्टेन-गन से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसे गोली लग गई। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ रात करीब 11 बजे



भानु प्रताप सिंह
मृतक बदमाश

महाराजगंज थाना क्षेत्र के एमी घाट के पास हुई। बदमाश का साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। भानु प्रताप गोरखपुर का रहने वाला था। उस पर दूध कारोबारी की हत्या, लूट और रंगदारी जैसी गंभीर धाराओं में 41 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस उसे हार्डकोर अपराधी मानती थी। लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। घर पर सन्नाटा पसरा रहा। दरवाजे अंदर से बंद मिले। अंदर से रोने-बिलखने की आवाजें आती सुनाई दीं। जब गांव वालों से बात करने की कोशिश की तो लोग कुछ भी बताने को तैयार नहीं हुए। एक शख्स ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि भानु 10 साल से गांव नहीं आया था। उसके घरवाले भी उससे कोई मतलब नहीं रखते थे।

### 10 साल से गांव नहीं आया, 3 भाइयों में दूसरे नंबर पर था

गोरखपुर के बेलघाट विधनापार का रहने वाले भानु प्रताप तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बड़ा भाई सबलू सिंह और छोटा भाई ज्ञान प्रताप सिंह बेंगलुरु में एक कंपनी में काम करते हैं। गांव में भानु के पिता मान सिंह, मां और दोनों भाइयों की पत्नियां रहती हैं। मान सिंह खेती-किसानी करते हैं।

### एंबुलेंस नहीं पहुंची, एसटीएफ ने खुद अस्पताल पहुंचाया

पुलिस के मुताबिक, रविवार रात करीब 11.10 बजे एसटीएफ के निरीक्षक जेपी राय ने महाराजगंज पुलिस को एमी घाट के पास बदमाशों से मुठभेड़ होने की सूचना देते हुए मदद मांगी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पता चला कि बाइक सवार दो बदमाशों की एसटीएफ टीम से आमने-सामने मुठभेड़ हुई थी। एसटीएफ ने एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची तो एसटीएफ भानु प्रताप को खुद CHC पूरा बाजार लेकर पहुंची। शुरुआती उपचार के बाद डॉक्टर्स ने उसे मेडिकल कॉलेज, दर्शननगर रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान भानु प्रताप सिंह की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, भानु पर आजमगढ़ पुलिस ने 1 लाख रुपए, अंबेडकरनगर पुलिस ने 50 हजार, गोरखपुर पुलिस ने 25 हजार और बस्ती पुलिस ने 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। भानु के खिलाफ सभी 40 मुकदमे इन्हीं जिलों में दर्ज हैं।



मेडिकल कॉजेल में इलाज के दौरान भानु की मौत हो गई।

## मथुरा में अनियंत्रित रोडवेज बस पलटी, महिला की मौत, 15 यात्री घायल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। थाना फरह क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक अनुबंधित रोडवेज बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि करीब 15 यात्री घायल हो गए। इनमें दो यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार अनुबंधित बस संख्या यूपी 85 एटी 4371 सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे मथुरा से फिरोजाबाद के लिए रवाना हुई थी। फरह क्षेत्र में महुअन टोल प्लाजा से लगभग एक किलोमीटर पहले ओवरटेक करने के प्रयास में बस चालक नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। हादसे के बाद बस में फंसे यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बस से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस भी



घटनास्थल पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने पांच घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरह भिजवाया, जबकि अन्य घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। हादसे में आगरा के थाना बरहन क्षेत्र निवासी संगीता की मौत हो गई। बताया गया कि संगीता अपने परिवार के साथ 84 कोस परिक्रमा कर घर लौट रही थीं।

प्रत्यक्षदर्शियों और कुछ यात्रियों ने बस चालक के नशे में होने का आरोप लगाया है। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस बस चालक की तलाश के साथ-साथ दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

**फास्ट न्यूज**

### उमस से बिगड़ रही सेहत, अस्पताल में बढ़े मरीज

अयोध्या। अयोध्या जिले में बादलों की आवाजाही के बावजूद उमस भरी गर्मी लोगों पर भारी पड़ रही है। बढ़ती गर्मी और नमी का असर अब लोगों की सेहत पर भी दिखने लगा है। कुमारगंज स्थित 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अस्पताल की ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार इन दिनों पेट दर्द, उल्टी, दस्त, बुखार और लूज मोशन के मरीज सबसे ज्यादा पहुंच रहे हैं।

### अवैध कटान रोकने गई टीम पर हमल

बाराबंकी। बाराबंकी के देवा वन रेंज के चकिया गांव में अवैध पेड़ कटाई की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंची वन विभाग की टीम पर पथराव और मारपीट की घटना सामने आई है। यह घटना की रात करीब 11 बजे हुई बताई जा रही है। इस मामले से जुड़े वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें मौके पर हंगामा और दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक दिख रही है। डिप्टी रेंजर प्रशांत कुमार अपने ड्राइवर और एक मुखबिर के साथ चकिया गांव पहुंचे थे। वे यहां अवैध कटान में इस्तेमाल की गई लकड़ी से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक हैड्रा मशीन को जब्त करने की कार्रवाई कर रहे थे।

### लड़की से प्रेमी ने रेप किया

गोरखपुर। गोरखपुर में 14 साल की लड़की से उसके प्रेमी ने रेप किया। उसने घर के पास रहने वाली लड़की को रात में मिलने के लिए खेत में बुलाया। फिर इधर-उधर की बातें करने के बाद उसके साथ जबरन रेप किया। इस दौरान उसके 2 दोस्त भी मौजूद थे, जो वीडियो बनाते रहे। 5 जून को हुई इस घटना के बाद लड़की 2 दिन तक डर की वजह से चुप रही।

# सुलतानपुर एसपी ने राष्ट्रीय विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सराहा

## पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों और कोच अमीना बानो का हुआ सम्मान

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सुलतानपुर। सुलतानपुर पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने सोमवार को राष्ट्रीय विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इन खिलाड़ियों ने उत्तराखंड के नैनीताल जनपद स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी में आयोजित 13वीं ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अमीना ताइक्वांडो अकादमी की कोच



अमीना बानो की मेहनत और समर्पण की भी सराहना की। एसपी चारू निगम ने कहा कि खेल बच्चों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और आत्मविश्वास को मजबूत करने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने सुलतानपुर के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इससे पूरे जनपद का गौरव बढ़ा है।

### भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया

उन्होंने अमीना ताइक्वांडो अकादमी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अकादमी ने बच्चों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया है, जो बेहद सराहनीय कार्य है। एसपी ने प्रशिक्षिका अमीना बानो के समर्पण और मार्गदर्शन को खिलाड़ियों की सफलता का प्रमुख आधार बताया।

इस प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 2 गोल्ड और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया। मान्यता और प्रज्ज्वल ने गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि प्रियांशु तिवारी, सत्यांश आर श्रीवास्तव, साक्षी और यथार्थ मौर्या ने ब्रॉन्ज मेडल जीते।

सम्मान समारोह के दौरान खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया। खिलाड़ियों ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे प्रोत्साहन से जिले में खेल प्रतिभाओं को नई ऊर्जा और सही दिशा मिलती है।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी । जनपद में राज्य कर विभाग, खण्ड-3 द्वारा दिनांक - 08.जून.2026 को मसौली चौराहा पर एक व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को जीएसटी 2.0 के नवीन प्रावधानों, व्यापारी-हितैषी महत्वपूर्ण सुधार एवं ई ई-इनवॉइसिंग की प्रक्रिया से अवगत कराना, कर अनुपालन को प्रोत्साहित करना तथा कर सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण करना एवं उनमें विभाग के प्रति विश्वास बढ़ाना था।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त राज्य कर विकास कुमार सेठ ने जीएसटी-2.0 के तहत लागू किए गए नये सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समय पर पंजीयन प्राप्त करना, नियमित रिटर्न दाखिल करना और कर नियमों का पालन करना व्यावसायिक गतिविधियों को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाता है। सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योत्स्ना सिंह ने व्यापारियों को जीएसटी पोर्टल पर करदाताओं




को उनके स्वयं के मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी अपडेट करने हेतु प्रेरित किया, जिससे करदाताओं को समय से विभाग द्वारा प्रेषित सूचना समय से प्राप्त हो सके उनके द्वारा जीएसटी पोर्टल की तकनीकि प्रक्रियाओं, ई-इनवॉइसिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) और पंजीकरण संबंधी नियम 14-ए के नए प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। राज्य कर अधिकारी भावेश तिवारी एवं राम तीरथ प्रसाद ने उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के लाभों के बारे में भी व्यापारियों को जागरूक किया गया तथा पंजीयन बढ़ाने व समय से रिटर्न दाखिल किये जाने के महत्व को बताया।

## अभाविप रामनगर नगर इकाई का पुनर्गठन संपन्न, गरिमा श्रीवास्तव बनीं नगर अध्यक्ष

### नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) रामनगर नगर इकाई का पुनर्गठन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न पदों पर नई जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर गरिमा श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष तथा निखिल पांडे को नगर मंत्री चुना गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका तथा अभाविप की विचारधारा पर अपने विचार व्यक्त किए। पुनर्गठन प्रक्रिया के दौरान चुनाव अधिकारी डॉ. आजाद प्रताप सिंह,




विभाग संगठन मंत्री आकाश शुक्ला, जिला संयोजक योगेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष विश्वेश मिश्र एवं पूर्व नगर मंत्री विकास सिंह विभु विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवगठित टीम को बधाई देते हुए संगठन हित में समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

नवगठित कार्यकारिणी में आलोक राय एवं शिवम अवस्थी को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा नैंसी मिश्रा, चमन मिश्रा, शिवम सोनी और अर्जुन मिश्रा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अनन्या मौर्या को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, संस्कार गुप्ता को खेलो भारत संयोजक, आलोक मिश्रा को नगर एसएफडी संयोजक, अमन यादव को नगर एसएफ संयोजक, आदित्य राजपूत को नगर मीडिया संयोजक, संत कुमार शर्मा को नगर सोशल मीडिया संयोजक तथा सुयश सिंह को नगर आंदोलन संयोजक नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अंश पांडे, वैभव सिंह और अनुभव सिंह को नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयनित किया गया। नवचयनित पदाधिकारियों ने संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा छात्र हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# 25,000 रुपये का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

## रायबरेली पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दबोचा, न्यायिक हिरासत में भेजा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

रायबरेली। रायबरेली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25,000 रुपये के इनामी बदमाश चंदन जोशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से वांछित था और पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। यह गिरफ्तारी 3 दिसंबर 2025 को हुई लूट की एक वारदात के खुलासे से जुड़ी है। मदनपुर निवासी विजेंद्र बहादुर सिंह ने 112 टीम को सूचना दी थी कि भोजपुर स्थित अपना मेडिकल स्टोर बंद कर घर जाते समय बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें धक्का मारकर चेन लूट ली थी। इस मामले में थाना सरेनी में मुकदमा दर्ज किया गया था और पहले ही पांच अभियुक्तों को जेल भेजा जा चुका था। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में थाना सरेनी की पुलिस टीम ने रविवार को आरोपी चंदन जोशी को भोजपुर उसरू मार्ग




के पास से दबोचा। चंदन जोशी कानपुर नगर के रेल बाजार निवासी संग्राम जोशी का पुत्र है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने चंदन जोशी के पास से एक अवैध तमंचा (12 बोर), एक जिंदा कारतूस और एक मिस कारतूस (12 बोर), दो मोबाइल फोन, एक सीज की गई मोटरसाइकिल और 2200 रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार चंदन जोशी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उस पर कानपुर के बाबूपुरवा और नौबस्ता थानों के साथ-साथ उन्नाव के बारासगवर थाने में भी आबकारी अधिनियम, कॉपीराइट एक्ट और गैंगस्टर एक्ट जैसी गंभीर धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार चंदन जोशी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ कानपुर नगर के बाबूपुरवा और नौबस्ता थानों के अलावा उन्नाव जिले के बारासगवर थाने में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। उस पर आबकारी अधिनियम, कॉपीराइट एक्ट, गैंगस्टर एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था और कई जिलों की पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। रायबरेली पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। वांछित और इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। चंदन जोशी की गिरफ्तारी इसी अभियान की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

**इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना सरेनी के प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद यादव, उप-निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी प्रदीप शर्मा और आरक्षी अमन कुमार शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।**

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 20 सांसदों ने छोड़ा...

इनमें से 11 सांसदों ने सोमवार दोपहर केंद्रीय मंत्री और BJP के बंगाल प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर मीटिंग की। इस दौरान बंगाल CM शुभेंदु अधिकारी भी इनसे मिलने पहुंचे।
इस बैठक में लोकसभा सांसद काकोली घोष, शताब्दी रॉय, अबू ताहिर, अरूप चक्रवर्ती, खलीलुर रहमान, शर्मिला सरकार, असित मल, कालीपद सोरेन, जगदीश बसुनिया और प्रसून बनर्जी मौजूद रहे।
लोकसभा में TMC के अभी 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं। इससे पहले 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इस गुट ने ऋतब्रत को अपना नेता बनाया है।

### मौसम की मार से ...

लेकिन इसके दम पर उत्तर प्रदेश वर्तमान में देश का 21 फीसदी खाद्यान्न उत्पादित कर रहा है।
यूपी के पास देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 35 से 36 फीसदी तक योगदान देने की अपार क्षमता मौजूद है। इस क्षमता को पूरा करने के लिए खेती-किसानी को आधुनिक तकनीक और मौसम विज्ञान से जोड़ना बेहद जरूरी है। समय पर बारिश, ओलावृष्टि या सूखे की सटीक जानकारी देकर ही किसानों के साथ न्याय किया जा सकता है।
मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक मुस्तैदी और तकनीक के तालमेल की सफलता साझा करते हुए बताया कि पिछले दिनों आई आंधी-तूफान की आपदा के बाद जब अर्ली वार्निंग सिस्टम की समीक्षा की गई, तो स्थानीय प्रशासन को और सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।
इसके सुखद परिणाम सामने आए और अगली प्राकृतिक आपदा आने से करीब 3 घंटे पहले ही प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के मोबाइल फोन पर अलर्ट मैसेज पहुंचना शुरू हो गया। उन्होंने सहारनपुर के शाकम्भरी देवी मंदिर का उदाहरण भी दिया, जहां मौसम विभाग की समय पर मिली चेतावनी के कारण सैकड़ों श्रद्धालुओं को बाढ़ जैसे हालात बनने से पहले ही सुरक्षित निकाल लिया गया।
मौसम की भविष्यवाणियों को शत-प्रतिशत सटीक बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने एक बड़ा विजन सामने रखा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इसके लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से भी संपर्क किया है। सरकार चाहती है कि उत्तर प्रदेश का अपना एक विशिष्ट सेटेलाइट हो, जो राज्य की भौगोलिक स्थितियों के हिसाब से मौसम का पल-पल का सटीक डेटा दे सके। सीएम ने भरोसा दिलाया कि यदि केंद्र सरकार इस दिशा में उत्तर प्रदेश के भीतर कोई बड़ा सेंटर या प्रोजेक्ट स्थापित करती है, तो राज्य सरकार जमीन से लेकर हर तरह का वित्तीय सहयोग देने के लिए पूरी तरह तैयार है। मीरजापुर, सोनभद्र और चंदौली जैसे जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यहां हर साल 100 से 150 लोगों की मौत हो जाती थी। प्रयागराज से पटना के बीच एक ही दिन में आकाशीय बिजली से 90 लोगों की जान चली गई थी।
इसके बाद जब मौसम विभाग, एनडी-आरएफ और एसडीआरएफ के साथ मिलकर प्रभावित जिलों में अर्ली वार्निंग सिस्टम और डिटेक्शन सेंसर लगाए गए, तो मौतों का यह आंकड़ा घटकर अब महज दर्जनों में रह गया है। इसके साथ ही सरकार मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा के तहत आपदा में जान गंवाने वाले किसान या बटाईदार के परिवार को तत्काल 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दे रही है।
समारोह में बदलते पर्यावरण पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंसानी स्वार्थ और प्रकृति के अत्यधिक दोहन के कारण क्लाइमेट चेंज का खतरा बढ़ गया है। आज मौसम चक्र में करीब एक महीने का अंतर आ चुका है, जो आने वाले समय में दुनिया के सामने बड़ा खाद्यान्न संकट खड़ा कर सकता है।
इस संकट से बचने के लिए हमें धरती मां के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना होगा। प्राचीन समय में ऋषि-मुनियों के पंचांग और पशु-पक्षियों के व्यवहार से मौसम भांपने की लोक परंपराओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज के वैज्ञानिक दौर में हमें आधुनिकतम तकनीक को अपनाना होगा।

### यूपी में बढ़ेगा आयुष ...

प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि पांच नए एकीकृत आयुष चिकित्सालय और महाविद्यालय के लिए पांच मंडलों में जमीन चिह्नित कर ली गई है। देवीपाटन मंडल में गोंडा के विकास खंड वजीरगंज के ग्राम कोडर में लगभग 14.82 एकड़ भूमि, मीरजापुर मंडल में सदर तहसील के ग्राम अकोढ़ी में 13.83 एकड़, मेरठ मंडल के लिए गाजियाबाद के मोदीनगर तहसील के ग्राम सैदपुर हुसैनपुर डलना में 11 एकड़, आगरा मंडल में किरावली तहसील के ग्राम अकबरा में 13.5 एकड़ भूमि और बस्ती मंडल में हरैया तहसील के ग्राम जोगापुर में 15 एकड़ भूमि महाविद्यालय की स्थापना के लिए चिह्नित की गई है। इनमें से चार मंडलों में जमीन पहले ही आयुष विभाग के नाम हो चुकी है। बस्ती में भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।
आयुष महानिदेशक एवं मिशन निदेशक चैत्रा वी. ने बताया कि वर्तमान में राजकीय एकीकृत आयुष महाविद्यालय एवं चिकित्सालय का नक्शा तैयार किया जा रहा है। नए आयुष महाविद्यालय केवल शिक्षा संस्थान नहीं होंगे, बल्कि शोध और नवाचार के केंद्र के रूप में भी विकसित किए जाएंगे। यहां आयुर्वेदिक औषधियों, योग चिकित्सा, जीवनशैली आधारित उपचार और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। इनकी स्थापना से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही मंडल में उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। महाविद्यालयों में आधुनिक प्रयोगशालाएं, चिकित्सालय, अनुसंधान सुविधाएं और प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जाएंगे।

### होर्मुज में जलते जहाज...

दूसरी ओर अमेरिका युद्धविराम और शांति समझौते की कोशिशों में जुटा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि इजराइल और ईरान दोनों संघर्ष रोकना चाहते हैं और अंतिम समझौते को लेकर बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि समझौता होने तक ईरान पर लगी नाकाबंदी जारी रहेगी।
हालात को देखते हुए भारत सरकार ने ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द वहां से निकलने की सलाह दी है।
विदेश मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर भारतीयों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### इंडिया ब्लॉक की बैठक...

सूत्रों के अनुसार, इसमें करीब 22 विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल हुए. हालांकि, पहले कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि 25 दल के नेता शामिल हुए.
बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए. नेताओं ने तय किया कि वो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को चिट्ठी लिखेंगे. यह चिट्ठी SIR और चुनावों में कथित 'वोट लूट' के मुद्दे पर होगी. साथ ही नेताओं ने एक और मांग रखी – NEET और CBSE से जुड़े विवादों को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए.

### स्टील प्लांट में हादसा...

हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

### वजह- जिसके कारण...

यह मणिपुर (हिल एरियाज विलेज अथॉरिटीज) एक्ट, 1956 व आर्टिकल 371सी के तहत गांव के कस्टमरी लॉ का उल्लंघन है। घटनाक्रम के बाद से शोक्वाओ-न्यू हेवन में हालात तनावपूर्ण हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि असम राइफल्स को तुरंत वापस बुलाया जाए, वरना अप्रिय घटना की जिम्मेदारी असम राइफल्स की होगी।

### जहांगीर खान नेपाल...

चुनाव के दौरान हुई गड़बड़ियों के कारण यहां 21 मई को दोबारा वोटिंग हुई थी। दोबारा चुनाव से 48 घंटे पहले ही जहांगीर ने मैदान छोड़ दिया था और कहा था कि वे चुनाव से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

## फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोबोली को हराया, पांच सेट तक चला मुकाबला

# 29 साल के ज्वेरेव ने पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता

**जीत**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। उन्होंने फ्रेंच ओपन 2026 के फाइनल में इटली के फ्लेवियो कोबोली को हराया। पेरिस में रविवार को खेले गए मेंस सिंगल्स फाइनल में दूसरी सीड ज्वेरेव ने दसवीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो को पांच सेटों में 6-1, 4-6, 6-4, 6-7, 6-1 से हराया। ज्वेरेव ने मास्टर्स 1000 इवेंट्स के साथ दो एटीपी फाइल्स भी जीते हैं। टोक्यो में ज्वेरेव ने ओलिंपिक गोल्ड भी जीता था लेकिन उनके खाते में ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं था। इससे पहले 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताबी मुकाबला वह हार चुके थे। फ्रेंच ओपन 2026 के फाइनल में पहुंचे फ्लेवियो कोबोली इटली के उभरते हुए टेनिस खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। 24 साल के कोबोली पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे।



> 29 साल के ज्वेरेव 11 साल से ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं। इससे पहले वे ग्रैंड स्लैम में तीन बार फाइनल में और सात बार सेमीफाइनल में हार चुके थे। फ्रेंच ओपन के अलावा, ऑस्ट्रेलियन ओपन, विम्बलडन और यूएस ओपन को ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट कहा जाता है।


### पांच सेट तक चला फाइनल मुकाबला

ज्वेरेव ने मैच की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में करते हुए पहला सेट आसानी से 6-1 से जीत लिया। इसके बाद कोबोली ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। ज्वेरेव ने फिर तीसरा सेट 6-4 से जीता, लेकिन कोबोली ने चौथे सेट को टाई-ब्रेकर में 7-6(5) से जीतकर मुकाबले को पांचवें सेट में पहुंचा दिया। अंतिम सेट में ज्वेरेव ने एक बार फिर 6-1 से एकतरफा जीत दर्ज की।

### 89 साल बाद कोई जर्मन मेंस खिलाड़ी चैंपियन बना

ज्वेरेव फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले 89 साल के बाद पहले जर्मन मेंस खिलाड़ी बन गए हैं।

उनसे पहले 1937 में जर्मनी के हेनर हेन्केल ने यह टूर्नामेंट जीता था। वहीं, किसी भी ग्रैंड स्लैम सिंगल्स का खिताब जीतने वाले आखिरी जर्मन मेंस खिलाड़ी बोरिस बेकर थे, जिन्होंने 1996 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था।



करियर में पहली बार ग्रैंड स्लैम जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ ज्वेरेव।

# तमीम इकबाल बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष

## पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) का नया अध्यक्ष चुना गया है। रविवार को ढाका में हुए चुनाव में वे निर्विरोध निर्वाचित हुए और अब चार साल तक इस पद पर रहेंगे। 37 साल के तमीम अप्रैल से अंतरिम अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे, जब बांग्लादेश सरकार ने BCB के निदेशक मंडल को भंग कर दिया था। वे BCB के 21वें अध्यक्ष बने हैं। तमीम ने पिछले साल जनवरी में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने बांग्लादेश के लिए अपना आखिरी मैच सितंबर 2023 में खेला। उन्होंने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया। यह चुनाव बांग्लादेश सरकार द्वारा अप्रैल में अंतरिम संस्था के तहत आयोजित कराए गए थे। इससे पहले



सरकार ने एक जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर अमीनुल इस्लाम के नेतृत्व वाली पिछली निर्वाचित संस्था को भंग कर दिया था। जांच समिति ने अमीनुल और उनके बोर्ड सदस्यों को भ्रष्टाचार में शामिल पाया था और संविधान में सुधार की सिफारिश की थी। चुनाव के बाद हुई पहली बोर्ड बैठक में फहीम सिन्हा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हें 66 वोट मिले थे। इसके साथ ही 25 सदस्यीय बोर्ड का गठन पूरा हो गया, जो अगले चार साल तक बांग्लादेश क्रिकेट का संचालन करेगा।

# मानव सुथार को बहन ने दी सिलेक्शन की खबर

## चंडीगढ़ टेस्ट से डेब्यू, पहले ओवर में विकेट लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर मानव सूथार ने अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया। उन्होंने अपने पहले ही ओवर में विकेट लिया। 25 साल बाद किसी भारतीय ने यह कारनामा किया है। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के रहने वाले सुथार ने जियो हॉटस्टार से बातचीत में घरेलु क्रिकेट से भारतीय टीम में जगह बनाने की पूरी यात्रा बताई। सुथार ने बताया कि उनके परिवार में क्रिकेट का माहौल रहा है। पिता को खेल बहुत पसंद है और घर में मैच देखे जाते थे। बचपन में वे दोस्तों के साथ गली में खेलते थे, जहां उन्होंने बैट पकड़ना और गेंदबाजी की बेसिक्स सीखीं। सुथार ने 12 साल की उम्र में दीपक सर और विनोद सर की कोचिंग में एकेडमी




जॉइन की। उनका पहला बड़ा ब्रेक तब मिला, जब उन्हें राजस्थान के अंडर-14 टीम में जगह मिली। इससे उन्हें मोटिवेशन मिला कि क्रिकेट में करियर बनाया जा सकता है। उन्हें IPL 2024 के लिए गुजरात टाइटंस ने 20 लाख रुपए बेस प्राइज में खरीदा था। उन्होंने उसी सीजन अपना IPL डेब्यू भी किया, जिसमें 2 ओवर में बिना विकेट लिए 26 रन दिए। 2025 में एक भी मैच नहीं खेल पाए, जबकि 2026 में 4 मैच खेले। IPL में उनके नाम सिर्फ 2 विकेट हैं।

## हेड छुट्टियों पर, मार्श को टखने की चोट, ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी इंग्लिस करेंगे

# ऑस्ट्रेलिया-बांग्लादेश सीरीज से ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। स्टार ओपनर ट्रैविस हेड को IPL के लंबे सीजन के बाद पर्सनल लीव दी गई है, जबकि कप्तान मिचेल मार्श टखने की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर रहेंगे। वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं, इसलिए वनडे मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। मिचेल मार्श को IPL के दौरान टखने में चोट लगी थी, जो पाकिस्तान सीरीज के दौरान फिर उभर आई थी। उम्मीद थी कि वह बांग्लादेश के




> मार्श की अनुपस्थिति में जोश इंग्लिस टीम की कप्तानी संभालेंगे। वह इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व कर चुके हैं। लेग स्पिनर तनवीर संघा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की लिमिटेड ओवर (वनडे) टीम में शामिल किया गया है।

खिलाफ सभी 6 मैचों (3 वनडे और 3 टी-20) में कप्तानी करेंगे, लेकिन वनडे सीरीज तक फिट नहीं हो सके। अब वह सीधे ढाका में टीम के साथ जुड़ेंगे और 17 जून से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज की तैयारी करेंगे। अगर वह तब तक फिट नहीं हो पाते, तो जोश इंग्लिस कप्तानी करेंगे। नियमित वनडे कप्तान पैट कमिंस को पहले ही आराम दिया जा चुका है। तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट और बेन ड्वारशुइस की वनडे टीम में वापसी हुई है। माना जा रहा था कि दोनों पंजाब किंग्स (PBKS) के साथ IPL प्लेऑफ में व्यस्त रहेंगे, लेकिन टीम अपने आखिरी 7 में से 6 मैच हारकर प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। इससे दोनों गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया लौट आए और आराम के बाद बांग्लादेश में टीम से जुड़ेंगे। दोनों बिली स्टैनलेक और राइली मेरेडिथ की जगह लेंगे, हालांकि मेरेडिथ टी-20 टीम का हिस्सा होने के कारण दौरे पर बने रहेंगे।



### हेड के वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए लिया गया फैसला

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर्स ट्रैविस हेड के वर्कलोड को लेकर गंभीर हैं। हेड तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य ओपनर हैं और अगले 12 महीनों में टीम का शेड्यूल व्यस्त है। IPL 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ मैच खेलने के कारण वह पाकिस्तान दौरे का हिस्सा नहीं बन पाए थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर्स ट्रैविस हेड के वर्कलोड को लेकर गंभीर हैं। हेड तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य ओपनर हैं और अगले 12 महीनों में टीम का शेड्यूल व्यस्त है। IPL 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ मैच खेलने के कारण वह पाकिस्तान दौरे का हिस्सा नहीं बन पाए थे। उन्हें पहले बांग्लादेश दौरे की वनडे और टी-20 दोनों टीमों में चुना गया था।

### ओली पीक और मैट शॉर्ट टीम में बरकरार

पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज ओली पीक और मैट शॉर्ट को बांग्लादेश दौरे के लिए भी टीम में रखा गया है।

पीक ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे में डेब्यू करने वाले सबसे युवा स्पेशलिस्ट बल्लेबाज बने थे। सेलेक्टर डोडेमाइड ने कहा,'मिशेल मार्श अभी पूरी फिटनेस हासिल कर रहे हैं। इस बीच टॉड मर्फी का वनडे टीम में स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है।

पाकिस्तान दौरे के बाद ओली पीक और मैट शॉर्ट को टीम के साथ बनाए रखना सही फैसला था।'

## मनोरंजन

## 61 की उम्र में शादी करने में क्या खराबी है, वे बहुत ईमानदार इंसान हैं

# आमिर खान की तीसरी शादी को राखी गुलजार का सपोर्ट

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान 61 साल की उम्र में तीसरी शादी करने जा रहे हैं। वे 5 जुलाई को अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से शादी करने वाले हैं। आमिर की बढ़ती उम्र में शादी करने को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच दिग्गज अभिनेत्री राखी गुलजार आमिर खान के समर्थन में आई हैं। वैराइटी इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में राखी ने कहा कि शादीशुदा जिंदगी में सुख का संबंध उम्र से नहीं होता है। उन्होंने आमिर को एक ईमानदार इंसान बताते हुए उनके इस फैसले की सराहना की है। राखी गुलजार ने आमिर खान



की आलोचना करने वालों को जवाब देते हुए हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डी नीरो का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि 60 या 61 साल की उम्र में शादी करने में कोई बुराई नहीं है। रॉबर्ट डी नीरो दो बार शादी कर चुके हैं और अब अपनी पार्टनर टिफनी चेन के साथ रिश्ते में हैं।

### सैलून आंत्रप्रेन्योर और फैशन प्रोफेशनल हैं गौरी स्प्रैट

आमिर ने साल 2025 में अपने 60वें जन्मदिन पर गौरी के साथ अपने रिलेशनशिप को पब्लिक किया था। गौरी बेंगलुरु की रहने वाली एक सैलून आंत्रप्रेन्योर और फैशन प्रोफेशनल हैं। उनके पिता तमिल-ब्रिटिश मूल के और मां पंजाबी-आयरिश मूल की हैं। गौरी 1920 के दशक में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े ब्रिटिश कम्युनिस्ट फिलिप स्प्रैट की पोती हैं। आमिर की तरह गौरी भी पहले शादीशुदा रही हैं और उनका एक 7 साल का बच्चा है।

> आमिर ने पहली शादी साल 1986 में फिल्म प्रोड्यूसर रीना दत्ता से की थी। साल 2002 में रीना से अलग होने के बाद आमिर ने साल 2005 में डायरेक्टर किरण राव से दूसरी शादी की थी। साल 2021 में किरण और आमिर का तलाक हो गया था।



# सलीम कुमार के अंतिम संस्कार में पैपराजी पर भड़के बेटे

## बोले- हमें शांति से अंतिम विदाई देने दें, कार्डियक अरेस्ट से निधन हुआ था

**मुंबई।** नेशनल फिल्म अवार्ड विजेता मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का अंतिम संस्कार रविवार को केरल के एर्नाकुलम जिले में स्थित उनके आवास पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। सलीम कुमार का निधन शनिवार को हुआ था। अंतिम संस्कार के दौरान वहां भारी भीड़ और पेपराजी की मौजूदगी से उनके बड़े बेटे चंदू असहज हो गए। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो के मुताबिक, चंदू ने वहां मौजूद फोटोग्राफर्स और कैमरामैन पर नाराजगी जताई। उन्होंने मीडिया से पीछे हटने और परिवार को शांति से अंतिम विदाई देने की अपील की। सलीम कुमार के निधन के बाद



उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके रिश्तेदारों, करीबी दोस्तों और प्रशंसकों की भारी भीड़ उत्तरी परवूर स्थित उनके घर पर जमा हुई थी। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी भी मौजूद थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि भीड़ और कैमरों से घिरे होने के कारण अभिनेता के बड़े बेटे चंदू काफी परेशान हो गए। उन्होंने वहां मौजूद फोटोग्राफर्स से दूरी बनाने को कहा। चंदू ने तेज आवाज में मीडिया से अपील की कि वे पीछे हट जाएं ताकि परिवार के लोग शांति से अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कर सकें। पीएम मोदी ने अभिनेता सलीम कुमार को एक ऐसे बेहतरीन कलाकार के रूप में याद किया जो हर तरह के रोल में आसानी से ढल जाते थे। एक्स (ट्विटर) पर अपनी बात साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहाः दिग्गज एक्टर श्री सलीम कुमार जी के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। अपने शानदार करियर के दौरान, उन्होंने अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाकर और अपनी यादगार एक्टिंग से लोगों के दिलों पर एक खास छाप छोड़ी।

# शादीशुदा जिंदगी पर बोले आर माधवन

## मैं डरपोक मद्रासी मिडिल क्लास आदमी हूं, इसलिए पत्नी के प्रति हमेशा वफादार रहा

**मुंबई।** अभिनेता आर माधवन और उनकी पत्नी सरिता ने हाल ही में अपनी शादी की 27वीं सालगिरह मनाई है। इस मौके पर माधवन का एक पुराना इंटरव्यू चर्चा में है, जिसमें उन्होंने अपनी सफल शादीशुदा जिंदगी और वफादारी पर कई खुलासे किए हैं। इ-टाइम्स को दिए इंटरव्यू में माधवन ने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों के साथ काम करने के बाद भी वे हमेशा अपनी पत्नी के प्रति वफादार रहे।

उन्होंने खुद को एक 'डरपोक मद्रासी मिडिल क्लास' आदमी बताया जो दिनभर काम करने के बाद घर लौटकर पत्नी के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देता है। आर माधवन ने इंटरव्यू में बताया कि वे दुनिया में सबसे ज्यादा प्यार अपनी पत्नी सरिता



से करते हैं। सरिता उन्हें पूरी तरह से समझती हैं और हमेशा जमीन से जुड़े रहने में मदद करती हैं। माधवन के मुताबिक, सरिता उनके माता-पिता, बेटे वेदांत और उनके पैसों (फाइनेंस) का पूरा ध्यान रखती हैं। वे माधवन को एक बेहतर एक्टर बनने के लिए पूरी आजादी देती हैं। माधवन ने कहा कि वे बहुत किस्मत वाले हैं कि सरिता उनकी जिंदगी में हैं क्योंकि वे बिना कोई क्रेडिट चाहे परिवार के लिए बहुत मेहनत करती हैं।

# जेनिफर विंगेट जल्द कर सकती हैं दूसरी शादी

## सिंगापुर के बिजनेसमैन विलियम को कर रही हैं डेट, क्रिश्चियन रीति-रिवाज से होगी रस्म

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री जेनिफर विंगेट एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जेनिफर जल्द ही दूसरी शादी कर सकती हैं। बताया जा रहा है कि वह सिंगापुर के बिजनेसमैन विलियम इशमाइल के साथ रिलेशनशिप में हैं और दोनों अपने रिश्ते को अगले पड़ाव तक ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में एक हॉलिडे ट्रिप के दौरान विलियम इशमाइल ने जेनिफर विंगेट को शादी के लिए प्रपोज किया था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अभिनेत्री ने इस प्रस्ताव को स्वीकार भी कर लिया है। हालांकि, अब तक जेनिफर विंगेट और विलियम इशमाइल की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में इन खबरों को फिलहाल अटकलों के तौर पर ही देखा जा रहा है। जेनिफर विंगेट भारतीय टेलीविजन की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में गिनी जाती



हैं। उन्होंने कई सफल धारावाहिकों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। वहीं उनकी निजी जिंदगी भी लंबे समय तक चर्चा का विषय रही है। जेनिफर की पहली शादी अभिनेता करण सिंह ग्रोवर के साथ हुई थी। दोनों की मुलाकात लोकप्रिय टीवी शो 'दिल मिल गए' के सेट पर हुई थी। ऑनस्क्रीन शुरू हुई दोस्ती जल्द ही प्यार में बदल गई और अप्रैल 2012 में दोनों ने विवाह कर लिया। उस समय यह जोड़ी टीवी इंडस्ट्री की सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक मानी जाती थी। हालांकि, शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के रिश्ते में खटास आने लगी। करीब दो साल बाद वर्ष 2014 में दोनों ने अलग होने का फैसला लिया और उनका तलाक हो गया। इस खबर ने उनके प्रशंसकों को काफी निराश किया था।

### इंस्टाग्राम एक्टिविटी से शुरू हुई चर्चा

जेनिफर की शादी की चर्चा तब शुरू हुई जब फैंस ने इंस्टाग्राम पर उनकी कुछ एक्टिविटी नोटिस की। जेनिफर ने सोशल मीडिया पर शादी के एक डांस रील वीडियो पर रिएक्ट किया था। इसके बाद फैंस ने देखा कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर शादी से जुड़े कई पेजों को फॉलो करना शुरू कर दिया है। इस एक्टिविटी के बाद से ही सोशल मीडिया पर उनकी शादी को लेकर कयास लगाए जाने लगे।

### क्रिश्चियन रीति-रिवाज से हो सकती है शादी

जेनिफर और विलियम एक साथ बहुत खुश हैं। विलियम के प्रपोजल के बाद जेनिफर ने शादी की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। वे वेडिंग वेंडर्स को शॉर्टलिस्ट कर रही हैं और उन्होंने एक मूड बोर्ड भी तैयार किया है। दोनों क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। शादी के लिए इस साल सितंबर-अक्टूबर या फिर दिसंबर-जनवरी का समय तय किया जा सकता है।

### *करीबी दोस्तों को है शादी की जानकारी*

*रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जेनिफर और विलियम अभी शादी के लिए वेन्यू (जगह) की तलाश कर रहे हैं। जेनिफर के करीबी दोस्तों को इस बात की पूरी जानकारी है। उनके टीवी और फिल्म इंडस्ट्री के दोस्त जैसे हरलीन सेठी और जेनेलिया देशमुख भी इस प्लानिंग के बारे में जानते हैं। हाल ही में जेनिफर का नाम उनके को-स्टार करण वाही के साथ भी जोड़ा गया था, लेकिन करण ने इन खबरों को पूरी तरह गलत और फेक बताया था।*



## इमारतें गिरी, 4.5 फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं, 2 घंटे में 138 झटके आए

# फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप

**नुकसान**


**16 की मौत**

**मनीला, एजेंसी**

फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक अब तक 16 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (USGS) के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था। यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया। अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। भूकंप के बाद सुनामी भी आई। सबसे ऊंची लहर की ऊंचाई 1.4 मीटर (करीब 4.6 फीट) रही। एहतियात के तौर पर इंडोनेशिया और मलेशिया ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान (फिवोल्क्स) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे तक 138 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए। इन झटकों की तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही। मुख्य भूकंप के बाद उसी इलाके में कई और झटके दर्ज किए गए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये आफ्टरशॉक हैं, जो बड़े भूकंप के बाद सामान्य रूप से आते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि आफ्टरशॉक कई दिनों, हफ्तों या वर्षों तक जारी रह सकते हैं। कुछ मामलों में इनकी तीव्रता मुख्य भूकंप के बराबर या उससे ज्यादा भी हो सकती है, जिससे पहले से क्षतिग्रस्त इमारतों को और नुकसान पहुंच सकता है।

फिलीपींस, इंडोनेशिया और जापान प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' क्षेत्र में स्थित हैं। यह दुनिया का सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र माना जाता है, जहां टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के कारण अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। इसी वजह से फिलीपींस दुनिया के सबसे अधिक आपदा प्रभावित देशों में गिना जाता है।

यहां हर साल कई भूकंप आते हैं और करीब 20 तूफान तथा उष्णक-टिबंधीय चक्रवात भी पहुंचते हैं। अक्टूबर 2025 में फिलीपींस के सेबू प्रांत में आए 6.9 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में 69 लोगों की मौत हो गई थी। इस आपदा में करीब 150 लोग घायल हुए थे।





### सैंटोर शहर में सबसे ज्यादा नुकसान

7 लाख से ज्यादा आबादी वाले बंदरगाह शहर जनरल सैंटोस में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। यहां कई इमारतों में दरारें आ गईं, कुछ छोटी इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं और एक पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन अधिकारियों के मुताबिक शहर में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई और करीब 130 लोग घायल हुए हैं। दक्षिण कोटाबाटो, दावाओ ऑक्सिडेंटल और बालुत द्वीप समेत अन्य दक्षिणी इलाकों में भी 9 लोगों की मौत हुई। इनमें कुछ लोग गिरते मलबे, एक क्षतिग्रस्त मस्जिद और भूस्खलन की चपेट में आ गए।



भूकंप के दौरान लोगों ने सड़क किनारे अपने वाहन खड़े कर दिए। इस बीच एक बिल्डिंग भी गिर गई, जिसका मलबा सड़क पर बिखर गया।

### इंडोनेशिया में भी भूकंप के झटके महसूस हुए

भूकंप का असर फिलीपींस से बाहर भी महसूस किया गया। इंडोनेशिया के उत्तर सुलावेसी और उत्तर मलुकु क्षेत्रों में झटके महसूस हुए। मनाडो शहर के लोगों ने बताया कि कंपन काफी तेज था।

इंडोनेशिया की मौसम और भूभौतिकी एजेंसी BMKG ने अपने उत्तर-पूर्वी तट के लिए सुनामी चेतावनी जारी की है। मलेशिया के कुछ तटीय इलाकों में भी एक मीटर तक ऊंची लहरों की आशंका जताई गई है। जापान मौसम एजेंसी ने इबाराकी प्रीफेक्चर से लेकर ओकिनावा प्रीफेक्चर तक दक्षिणी तटीय इलाकों के लिए सुनामी एडवाइजरी जारी की है। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने गुआम के लिए भी चेतावनी जारी की है। हालांकि अमेरिकी एजेंसियों ने साफ किया है कि अमेरिका और कनाडा के प्रशांत तटों के लिए कोई सुनामी खतरा नहीं है। हवाई के लिए भी किसी खतरे की पुष्टि नहीं हुई है।

### भूकंप के बाद लगातार आ रहे हैं आफ्टरशॉक

मुख्य भूकंप के बाद उसी इलाके में कई और झटके दर्ज किए गए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये आफ्टरशॉक हैं, जो बड़े भूकंप के बाद सामान्य रूप से आते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आफ्टरशॉक कई दिनों, हफ्तों या वर्षों तक जारी रह सकते हैं। कुछ मामलों में इनकी तीव्रता मुख्य भूकंप के बराबर या उससे ज्यादा भी हो सकती है, जिससे पहले से क्षतिग्रस्त इमारतों को और नुकसान पहुंच सकता है। फिलीपींस, इंडोनेशिया और जापान प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' क्षेत्र में स्थित हैं। यह दुनिया का सबसे सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र माना जाता है, जहां टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के कारण अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट होते रहते हैं। इसी वजह से फिलीपींस दुनिया के सबसे अधिक आपदा प्रभावित देशों में गिना जाता है। यहां हर साल कई भूकंप आते हैं ।

फिलीपींस के दावाओ शहर में भूकंप के बाद इमारत के कुछ हिस्से ढह गए।





भूकंप के झटकों के बीच स्कूली बच्चे मैदान में बैठ गए, इस दौरान जमीन हिलती नजर आई।



भूकंप के दौरान बच्चों के एक स्कूल में टीन शेड गिर गया।



> अधिकारियों ने बताया कि जनरल सैंटोस में एक दो मंजिला स्कूल इमारत के गिरने की खबर के बाद राहत और बचाव अभियान चलाया गया। आशंका जताई गई कि कुछ छात्र मलबे में फंस सकते हैं। वहीं पुलिस के अनुसार शहर में कम से कम 7 लोग लापता हैं। सोमवार को गर्मी की छुट्टियों के बाद देशभर के सरकारी स्कूल खुले थे। दक्षिणी क्षेत्र के अधिकारियों के मुताबिक सुबह ध्वजारोहण समारोह में शामिल 100 से ज्यादा छात्रों को हल्की चोटें आईं, जबकि कई बच्चे घबराहट के कारण बेहोश हो गए। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि उन्होंने सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित इलाकों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और राहत-बचाव अभियान शुरू करने को कहा है।

## ऋण बाजार को मजबूत करने के लिए सेबी-आरबीआई की बड़ी पहल

### कॉर्पोरेट बॉन्ड सूचकांक डेरिवेटिव्स होंगे लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी**




शेयर बाजार के नियामक सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को एक बड़ा एलान किया। प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन पांडे ने कहा कि नियामक भारतीय रिजर्व बैंक के मिलकर कॉरपोरेट बॉन्ड इंडेक्स के लिए डेरिवेटिव्स की शुरुआत करने की योजना पर काम कर रहा है। इस कवायद का मकसद तरलता बढ़ाना, मूल्य निर्धारण और भारतीय ऋण बाजार में विदेशी पूजी की पहुंच सुनिश्चित करना है। आईसीआईसीआई-आई इंडिया इन्वेस्टर कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने संबोधन में सेबी प्रमुख ने कहा, ₹सेबी और आरबीआई इस दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं।₹ उन्होंने इस योजना को कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार के व्यापक सुधारों से भी जोड़ा। इलेक्ट्रॉनिक बुक प्रदाता प्लेटफॉर्म का विस्तार पहले ही REITs और InvITs की ओर से जारी किए गए बॉन्डों को शामिल करने के लिए किया जा चुका है, इससे पारदर्शिता और दक्षता में सुधार हुआ है। एक कार्य समूह कॉर्पोरेट बॉन्डों में तरलता बढ़ाने के लिए एक मार्केट-मेकिंग फ्रेमवर्क शुरू करने के लिए परिचालन संबंधी विवरणों को भी अंतिम रूप दे रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पहले ही इस दिशा में आधार तैयार कर लिया है। पांडे ने बताया कि आरबीआई ने फरवरी में कुल प्रतिफल स्वैप और कॉर्पोरेट बॉन्ड सूचकांक डेरिवेटिव्स पर मसौदा दिशानिर्देश दिए थे। अब आरबीआई इन दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दे रहा है।

## ईरान ने इजराइल पर मिसाइलें दागीं, कहा- यह सिर्फ वार्निंग

### ट्रम्प बोले- अब बस करो, नेतन्याहू को फोन करके कहूंगा जवाबी हमला न करें

**तेल अवीव/तेहरान/एजेंसी**

ईरान ने रविवार रात इजराइल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यह हमला बेरूत में इजराइली हमले के जवाब में किया गया, जिसमें 2 लोगों की मौत और 20 लोग घायल हुए थे। इजराइल के अनुसार, अप्रैल में सीजफायर के बाद यह पहली बार है जब ईरान ने उस पर मिसाइल हमला किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा कि यह सिर्फ वॉर्निंग थी। अब अगर अमेरिका या इजराइल की ओर से फिर कोई हमला हुआ, तो वह अमेरिकी और इजराइली ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान-इजराइल से एक-दूसरे पर हमला न करने की अपील की। उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा- अब बस, बहुत हो गया। मैं अभी नेतन्याहू को फोन करके कहूंगा कि जवाबी हमला न करें।



इजराइल पर मिसाइल हमला करने के बाद ईरान ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए देश के पश्चिमी हिस्से का एयरस्पेस अगली सूचना तक बंद कर दिया है। ईरान के नागरिक उड्डयन संगठन के प्रवक्ता माजिद अखावान ने कहा कि यह फैसला सुरक्षा आकलन के आधार पर लिया गया है। वहीं, इराक ने भी 72 घंटे के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है और सभी उड़ानों का संचालन रोक दिया है। दूसरी ओर, सीरिया ने 12 घंटे के लिए एयरस्पेस बंद कर दिया है और दमिश्क एयरपोर्ट पर ऑपरेशन भी सस्पेंड कर दिया है।

**फास्ट न्यूज**

### अर्जेंटीना की पहली एलएनजी निर्यात परियोजना से जुड़ी अदाणी पोर्ट्स

अहमदाबाद। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने सोमवार को कहा कि उसे अर्जेंटीना की पहली द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) निर्यात परियोजना के लिए 10 साल का समुद्री सेवा अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) मिला है। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने दक्षिण अमेरिका में अपना प्रवेश कर लिया है।

### अगले साल से 62% लोगों के लिए होम-ऑटो लोन मुश्किल

नई दिल्ली। आरबीआई का नया नियम 'ईसीएल डायरेक्शन-2026' 1 अप्रैल 2027 से लागू होने जा रहा है। इसके तहत अगर कोई ग्राहक लोन की दो किस्त (ईएमआई) चुकाने में चूकता है, तो बैंकों को 12 गुना तक ज्यादा रकम अलग रखनी होगी। अलग रखने के मायने ये हैं कि बैंक की बैलेंस शीट से इतने रुपए निकल जाएंगे यानी इससे बैंकों का मुनाफा करीब 42,000 करोड़ रु. कम हो सकता है। ऐसे में बैंक कमजोर सिबिल स्कोर (730 से कम) वाले लोगों को लोन देने से कतराएंगे। लोन देंगे भी, तो ब्याज दरें बढ़ा देंगे या ज्यादा कोलेट्रल (गारंटी) मांगेंगे।

### कई पॉलिसियों की उलझन का आसान समाधान

नई दिल्ली। ऑफिस जा रहे आशीष ने जैसे ही मोबाइल पर आए मैसेज को देखा, पसीना छूट गया। काम की व्यस्तता और समय की कमी के चलते आशीष अपनी जीवन बीमा पॉलिसी का प्रीमियम भरना ही भूल गए, जिससे पॉलिसी लैप्स होने वाली थी। आशीष अकेले नहीं हैं। मिलाकर दो से ज्यादा बीमा पॉलिसियां हैं। ऐसे में अलग-अलग पॉलिसियों का रिकॉर्ड रखना, प्रीमियम की तारीख याद रखना और समय पर रिन्यूअल कराना बड़ी सिरदर्दी बन जाता है।

## पंजाबी ड्राइवर को यूके में 29 साल कैद

### नग्न हालत में लाश कूड़े में फेंकी, सबूत मिटाने को डीजल डाला

**जालंधर, एजेंसी**

ब्रिटेन (UK) के वेस्ट मिडलैंड्स में सेक्स वर्कर की हत्या के मामले में पंजाबी मूल के ड्राइवर (32) को 29 साल की सजा सुनाई गई। वॉल्वरहैम्पटन क्राउन कोर्ट के जज माइकल चेम्बर्स केसी ने यह फैसला सुनाया। जज ने कहा कि तनवीर सिंह चालाकी से फायदा उठाने वाला युवक है। इसकी सजा में कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। 11 अगस्त 2025 की सुबह स्मेथविक के वुडबर्न रोड के इंडस्ट्रियल एस्टेट पर सेक्स वर्कर का शव मिला था। सैर करते हुए किसी व्यक्ति ने सुबह करीब 6 बजे उनका शव नग्न अवस्था में कूड़े के ढेर के पास पड़ा हुआ देखा। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। इसकी रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटना बताया गया। मृतक सेक्स वर्कर शारा के चेहरे और सिर पर मुक्कों से लगी चोटें भी पाई गईं। हमले के बाद उसने शव सड़क किनारे कूड़े के पास फेंक दिया। उसके पर्स से पैसे भी चुराए गए और फॉरेंसिक एविडेंस मिटाने के लिए उनके शरीर पर डीजल डाल दिया। घटना को लेकर वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर जो डेवनपोर्ट ने कहा कि आरोपी युवक ने सेक्स वर्कर को क्रूरता से मार डाला था।



शारा मिलर (41) मृतका
तनवीर सिंह (32) हत्यारा

## अमेरिका में भारत के आईटी प्रोफेशनल की हत्या

### हमलावरों ने पिज्जा का फेक ऑर्डर देकर बुलाया, फिर सिर में गोली मारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में तेलंगाना के 28 साल के भारतीय युवक अंशुल कुंचा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिवार का आरोप है कि यह कोई लूटपाट नहीं बल्कि पहले से रची गई साजिश थी। उनका कहना है कि अंशुल को पिज्जा का फेक ऑर्डर देकर सुनसान इलाके में बुलाया गया और वहां पहुंचते ही हमलावरों ने उनके सिर में गोलियां मार दीं। अंशुल को शनिवार देर रात फिलाडेल्फिया के रेमंड रोसेन होम्स नामक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के एक पते पर पिज्जा पहुंचाने का ऑर्डर मिला। जब वह वहां पहुंचे तो वहां कोई ग्राहक मौजूद नहीं था। इसी दौरान दो अज्ञात हमलावरों ने उनके सिर में कई गोलियां मार दीं और मौके से फरार हो गए। अंशुल अमेरिका में अच्छी नौकरी होने के बावजूद एक्स्ट्रा कमाई के लिए पिज्जा डिलीवरी का पार्ट-टाइम काम करते थे। मीडिया से बातचीत में तन्वी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, मेरा भाई अमेरिका जाना ही नहीं चाहता था, लेकिन परिवार के कहने पर वह वहां गया। उसने मेहनत से पढ़ाई की, नौकरी की और अपना भविष्य बनाने की कोशिश की। आज वह हमारे बीच नहीं है।

मैं सभी माता-पिता से कहना चाहती हूं कि बच्चों को विदेश भेजने से पहले अच्छी तरह सोचें। अंशुल मूल रूप से तेलंगाना के रहने वाले थे। उन्होंने हैदराबाद के चैतन्य भारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से केमिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया था।



अंशुल ने बिजनेस एनालिटिक्स में मास्टर्स की पढ़ाई पूरी की थी।

### सीसीटीवी में अंशुल पिज्जा लेकर जाते हुए दिखे

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलाडेल्फिया हाउसिंग अथॉरिटी के सीसीटीवी कैमरों में अंशुल पिज्जा लेकर जाते हुए दिखाई देते हैं। फुटेज में उनके पीछे काले कपड़े पहने और बैकपैक लिए दो लोग भी नजर आते हैं।

पुलिस इन्हीं तस्वीरों के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है। हालांकि ये फुटेज सार्वजनिक नहीं की गई है। अंशुल की बहन तन्वी का कहना है कि यह पूरी तरह एक जाल था।

उन्होंने कहा, "जिस जगह पिज्जा पहुंचाने के लिए बुलाया गया, वहां कोई नहीं था। बाद में पता चला कि वह सिर्फ एक फर्जी ऑर्डर था। मेरे भाई को सिर्फ मारने के लिए वहां बुलाया गया था। हमें नहीं पता कि हमलावरों को इससे क्या मिला, लेकिन उन्होंने हमारे भाई की जान ले ली।"

### कुछ समय पहले भी लूट पाट हुई थी

परिवार का कहना है कि अंशुल से कोई सामान नहीं छीना गया। उनका मोबाइल फोन, पर्स और अन्य सामान सुरक्षित मिला। इसी वजह से परिवार का मानना है कि यह लूटपाट नहीं बल्कि सोची-समझी हत्या थी। तन्वी ने बताया कि कुछ समय पहले अंशुल अमेरिका में लूट का शिकार भी हुए थे।

उस समय बदमाश उनका मोबाइल, सोने की चेन और नकदी लेकर फरार हो गए थे, लेकिन उस घटना में उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई थी।

**परिवार ने विदेश मंत्रालय से अंशुल का पार्थिव शरीर जल्द भारत लाने की अपील की है। तन्वी ने कहा कि अधिकारियों ने सोमवार तक शव सौंपने की बात कही है, लेकिन परिवार चाहता है कि प्रक्रिया जल्दी पूरी हो ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की भी मांग की।**

### 8 दिन में ₹22 हजार की गिरावट, सोना ₹3470 टूटा, 10 ग्राम की कीमत ₹1.51 लाख

# चांदी ₹15,748 गिरकर ₹2.41 लाख किलो पर आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से आज यानी 8 जून को सोने-चांदी के दाम में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 3,470 रुपए गिरकर 1.51 लाख रुपए हो गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 15,748 रुपए कम होकर 2.41 लाख रुपए पर आ गई है। 31 मई को चांदी की कीमत 2,63,350 रुपए थी। एक्सपर्ट्स के अनुसार जियो पॉलिटिकल टेंशन के चलते लोग मार्केट से पैसा निकालकर अपने पास कैश रख रहे हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 25 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 130 दिन में चांदी 1.45 लाख रुपए सस्ती हो गई है। वहीं चांदी इस महीने सिर्फ 8 दिनों में ही 22 हजार गिर चुकी है।



### गिरावट के मुख्य कारण: मेटल छोड़कर 'कैश' पर भरोसा

आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है:

- कैश की बचत: मिडिल ईस्ट जंग के कारण निवेशक जोखिम नहीं लेना चाह रहे हैं। वे अपने गोल्ड और सिल्वर को बेचकर 'कैश' इकट्ठा कर रहे हैं ताकि अनिश्चितता के समय उनके पास लिक्विड मनी रहे।
- प्रॉफिट बुकिंग: जनवरी में कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं, इसलिए बड़े निवेशकों ने ऊंचे दामों पर अपनी होल्डिंग बेचना शुरू कर दिया, जिससे बाजार में सप्लाई बढ़ गई और कीमतें गिर गईं।

## सेंसेक्स 600 अंक गिरकर 73,600 पर कारोबार कर रहा

### निफ्टी 200 अंक गिरकर 23150 पर आया

**मुंबई, एजेंसी**

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव की वजह से आज यानी सोमवार, 8 जून को सेंसेक्स 600 अंक (0.80%) की गिरावट के साथ 73,600 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 200 अंकों (0.90%) की गिरावट है, ये 23,150 पर आ गया है। आज के कारोबार में आईटी, मेटल और रियल्टी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली है।

अप्रैल में हुए सीजफायर के बाद पहली बार ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया। जवाब में इजराइल ने सोमवार तड़के पश्चिमी और मध्य ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले किए। तेहरान, तबरीज और इस्फहान में धमाकों की खबरें हैं।

इस वजह से जियोपॉलिटिकल तनाव बढ़ गया है जिसका असर बाजार पर दिख रहा है। रेजिस्टेंस



यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है।

रजिस्टेंस जोन पार करने पर तेजी की उम्मीद रहती है। 5 जून को सेंसेक्स 116 अंक की गिरावट के साथ 74,243 पर बंद हुआ।

निफ्टी में भी 50 अंक की गिरावट रही, ये 23,366 के स्तर पर बंद हुआ।

आज के कारोबार में मेटल और आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही।

**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676